TNF TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

www.tnftoday.com/epaper | Trial Edition-03 | जब पढ़ेगी बेटी तभी उन्नत होगा समाज... (पेज-3) | पृष्ठ- 8 | वर्ष-01 अंक-डमी | मूल्य- 7 रूपये | शुक्रवार | दिनांक- 28.08.2026



### बधाई, शुभकामनाएं

टी.एन.एफ. टुडे दैनिक हिंदी समाचार पत्र के संपादक मंडल की ओर से सभी सम्मानित पाठकों, वितरकों और शुभचिंतकों को भाई-बहन के अटूट प्रेम के पावन पर्व रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं।

– सम्पादक

### अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर दिनांक 28 अगस्त-2026 (शुक्रवार) को समाचार पत्र कार्यालय में पूर्ण अवकाश रहेगा। प्रकाशन स्थगनः अवकाश के कारण दिनांक 29 अगस्त-2026 (शनिवार) को समाचार पत्र का मुख्य प्रिंट संस्करण प्रकाशित नहीं किया जाएगा। नियमित संपादनः दिनांक 29 अगस्त-2026 (शनिवार) से कार्यालय में कार्य पुनः सामान्य रूप से शुरू हो जाएगा। आगामी अंकः समाचार पत्र का अगला नियमित अंक दिनांक 30 अगस्त-2026 (रविवार) को आपके नजदीकी हॉकर और स्टॉल पर सामान्य रूप से उपलब्ध होगा। हम आपके सुख, समृद्धि और सुरक्षित जीवन की कामना करते हैं। यह त्योहार आपके परिवार में अपार खुशियां लेकर आए।

-व्यवस्थापक

खेलो इंडिया डायलॉग

# 'जो खेलेगा वो खिलेगा'

## युवा एथलीटों से बोले पीएम मोदी; ओलंपिक भागीदारी बढ़ाने पर दिया जोर

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'खेलो इंडिया डायलॉग - खेल की बात, पीएम मोदी के साथ' के तहत गुरुवार को युवा एथलीटों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि जो खेलेगा वो खिलेगा। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कहा कि खिलाड़ियों के नाम से ही उनके राज्य और शहर की पहचान होती है। यह इवेंट राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के मौके पर 1,500 से ज्यादा शिक्षण संस्थानों में वर्चुअली आयोजित किया गया। आईआईटी, आईआईएम, एम्स, जाने-माने मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले संस्थान हैं। यह पहल चार बड़े क्षेत्रों पर फोकस कर रही है, जमीनी स्तर पर खेल संरचना को मजबूत करना, कोचिंग और प्रतियोगी मौके, 2036 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें विकसित करना, गवर्नेंस और नेतृत्व में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना और युवाओं को भविष्य के लिए तैयार स्किल्स, वॉलंटियरिंग के मौके और देश बनाने के रास्ते देना।

### ओलंपिक में भागीदारी बढ़ाने पर दिया जोर



पीएम ने युवा एथलीटों को संबोधित करते हुए कहा, 2036 ओलंपिक के लिए खिलाड़ी तैयार करने हैं। खिलाड़ियों की पहचान के लिए टैलेंट हब कार्यक्रम चलाना है। इसमें हर खेल में पदक आएं उसके लिए भारत को खेलों में महारत हासिल करनी होगी। मेडल टैली बढ़ाने के लिए हर खेल में आगे बढ़ना जरूरी। पांच से 15 साल के खिलाड़ियों की पहचान करनी होगी। खेल के लिए जो भी मदद चाहिए, सरकार उसमें समर्थन देगी। ओलंपिक में भागीदारी बढ़ाने पर जोर देना होगा। इसके लिए सरकार खिलाड़ियों को हर संभव मदद देगी।

### सरकार की तरफ से दी जाएगी ट्रेनिंग

पीएम मोदी ने कहा, खेल को लेकर समाज का नजरिया बदला है। अच्छी खिलाड़ी बनने के लिए नशे से दूर रहना जरूरी है। मुझे भारत के युवाओं पर पूरा भरोसा है। कौन सा बच्चा किस खेल के लिए फिट है उसे पहचानें। स्पोर्ट्स इकोसिस्टम बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार की ओर से युवा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

# 70 साल बाद बन रहा विशेष योग

## इस बार रक्षाबंधन पर नहीं होगा भद्रा का साया, पूरे दिन में कभी भी भाई को राखी बांध सकेंगी बहनें

टीएनएफ टुडे, बाह।

रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व ही नहीं, ज्योतिष दृष्टि से भी विशेष संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य शिवशरण पाराशर ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह 8.31 बजे से शुक्रवार सुबह 9.18 बजे तक पूर्णिमा तिथि रहेगी। उदया तिथि मान्य होने से रक्षाबंधन शुक्रवार (आज) मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 साल बाद इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। बहनें अपने भाई की कलाई पर दिन भर राखी बांध सकेंगी। उन्होंने बताया कि 70 साल बाद शतभिषा (सौ तारे) नक्षत्र एवं अतिगंड (कठिन गांठ) का विशेष योग बन रहा है। इसके अलावा शोभन, श्रीवत्स, सौम्य और ययीजय योग बन रहे हैं। ग्रहों



के गोचर के चलते रक्षाबंधन पर चंद्राधि और बुधादित्य, विमल विपरीत राजयोग, धन, उभयचरी, शकट और सुनफा जैसे योग भी बन रहे हैं। रक्षाबंधन के दिन ग्रहों की स्थिति भी विशेष रहेगी। सूर्य सिंह राशि में रहेंगे, जिसे उनकी स्वराशि माना जाता है। वहीं गुरु कर्क राशि में स्थित होंगे, जो उनकी उच्च राशि है। ज्योतिषीय मान्यताओं में सूर्य को आत्मबल, प्रतिष्ठा और ऊर्जा का कारक तथा गुरु को ज्ञान, शिक्षा, बुद्धि और समृद्धि से जुड़ा ग्रह माना जाता है। चंद्रमा कुंभ राशि में रहेगा। ग्रहों की इस स्थिति को रक्षाबंधन के लिए शुभ माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पर्व का संबंध राजा बलि और महाभारत काल से है।

### भाई की राशि के अनुसार बांधें राखी

रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम और स्नेह भरे पवित्र रिश्ते को और मजबूत बनाने का त्योहार है। बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना करती हैं। ज्योतिषाचार्य शिवशरण पाराशर ने बताया कि भाई की राशि के अनुसार शुभ रंग की राखी बांधने से सकारात्मक ऊर्जा और ग्रहों की अनुकूलता का फल प्राप्त होता है। भाई-बहन के रिश्ते की डोर मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि मेष राशि के लिए लाल, वृषभ राशि के लिए सफेद या गुलाबी, मिथुन एवं कन्या राशि के लिए हरा, कर्क राशि के लिए आसमानी, सिंह राशि के लिए सुनहरे, वृश्चिक राशि के लिए नारंगी, मीन एवं धनु राशि के लिए पीला रंग के धागे की राखी बांधना शुभ रहेगा।

### रक्षाबंधन की थाली में राखी के साथ ये भी रखें

राखी की थाली को सबसे पहले घर के मंदिर में ले जाकर भगवान की पूजा की जाती है। इसके बाद भगवान को राखी अर्पित करने की परंपरा है। रक्षाबंधन के दिन बहनें बड़े प्रेम से पूजा की थाली सजाती हैं। पूजा की थाली में रखी हर चीज का अपना धार्मिक और भावनात्मक महत्व होता है। ज्योतिषाचार्य शिवशरण पाराशर के मुताबिक पूजा की थाली में राखी के साथ रोली या कुमकुम, अक्षत (चावल), आरती उतारने के लिए दीपक, मिठाई, नारियल, जल कलश, पुष्प, दूर्वा (दूब घास) आदि सामान बहनों को रखना चाहिए।

# नेपाल त्रासदी में अब तक 359 की मौत

## विनाशकारी बाढ़ में 290 भारतीय सहित अभी भी 1000 से अधिक लोग लापता

टीएनएफ टुडे, काठमांडू।

नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या 359 तक पहुंच गई है और नदी के बहाव की दिशा में पड़ने वाले कई जिलों से अभी भी शव बरामद किए जा रहे हैं। भीषण बाढ़ में 1,000 से अधिक लोग लापता बताए गए हैं। लापता लोगों में कई विदेशी नागरिक हैं, जो ट्रेकिंग, गाइडेड टूर या पवित्र हिंदू स्थल की तीर्थयात्रा के लिए इस क्षेत्र में पहुंचे थे। रिकॉर्ड के मुताबिक 30 से ज्यादा देशों के नागरिक इस त्रासदी में लापता हुए हैं। नेपाल पुलिस के अनुसार, सबसे ज्यादा शव दक्षिणी मैदानी इलाकों के चितवन जिले से बरामद किए गए, इसके बाद नवलपरासी ईस्ट, धाडिंग और रसुवा से शव मिले। लोकल मीडिया के मुताबिक अभी तक 359 शव बरामद किए जा चुके हैं।

#### सैकड़ों लोग लापता

नेपाल की सरकार ने कहा कि बाढ़ के कारण रिहायशी इलाकों, पनबिजली परियोजनाओं, कस्टम कार्यालयों और बिजली के बुनियादी ढांचे तहस-नहस हो गए और इस वजह से 800 से ज्यादा लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। इस बीच,



निजी क्षेत्र के बिजली डेवलपर्स संगठन 'इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन, नेपाल' ने कहा कि अलग-अलग पनबिजली परियोजनाओं में काम करने वाले कई कर्मचारी लापता हैं।

#### कई हाइड्रो प्रोजेक्ट में काम करने वाले कर्मी लापता

बन रही 216-मेगावाट की 'अपर त्रिशूली-1 पनबिजली परियोजना' में काम करने वाले 'एंड्रिट्ज हाइड्रो' के 76 कर्मचारी लापता हैं। इनमें से लगभग आधे नेपाली और आधे विदेशी नागरिक हैं।परियोजना डेवलपर 'नेपाल वॉटर एंड एनर्जी डेवलपमेंट कंपनी' के 11 कर्मचारी भी लापता हैं। परियोजना पर काम कर रहे आठ दक्षिण कोरियाई नागरिक भी इस मिसिंग लिस्ट में शामिल हैं।

इसी तरह, 111-मेगावाट की 'रसुवागढ़ी पनबिजली परियोजना' में काम करने वाले 51 लोग, जबकि 5-मेगावाट की 'मैलुंग खोला पनबिजली परियोजना' के पावरहाउस में काम करने वाले आठ कर्मचारी भी लापता हैं। 120-मेगावाट की 'रसुवा भोटेकोशी पनबिजली परियोजना' में काम करने वाले सिविल कॉन्ट्रैक्टर 'सिनोहाइड्रो' के दो कर्मचारी लापता हैं।

#### दो नदियों के संगम पर फिर बनी 'डेथ लेक', अलर्ट रहें

तिब्बत में भोटेकोशी नदी में आए लैंड स्लाइड और फ्लैश फ्लड में अबतक 359 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि लगभग 1500 लोग लापता हैं, इनमें से 290 तो भारतीय हैं लेकिन नेपाल की चौकसी अभी कम नहीं होनी चाहिए। क्योंकि डेंजर अभी टला नहीं है। इसकी वजह यह है कि नेपाल में अपने प्रचंड वेग से कहर बरपाने वाली भोटेकोशी नदी का बहाव एक बार फिर बंद हो गया है।

नेपाल के रसुवा ज़िले में भोटेकोशी नदी के उद्गम स्थल के पास एक नई झील बनने के कारण नदी के निचले इलाकों में बाढ़ का नया खतरा पैदा हो गया है; चीनी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यह झील टूट सकती है।

### करीब 300 भारतीय लापता

इस बीच, नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने पुष्टि की कि हिमालयी देश में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद करीब 300 भारतीय नागरिकों के लापता होने की खबर है, जिनमें से ज्यादातर कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे तीर्थयात्री थे। काठमांडू में एनडीटीवी वर्ल्ड अन्वीक्षा समिट में खनाल ने कहा कि रसुवा इलाके में हुई इस त्रासदी के बाद हजारों लोगों का पता नहीं चल पाया है, जबकि अधिकारी तबाही के पैमाने का आकलन करने और लापता लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। खनाल ने कहा, ''कुछ ही घंटों में एक के बाद एक कई शहर तबाह हो गए। हजारों परिवारों के घर उजड़ गए और वे अभी लापता हैं। हम अभी भी इस आपदा से हुए कुल नुकसान का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।” खनाल ने कहा, “भारतीयों समेत कई विदेशी नागरिक मानसरोवर यात्रा के लिए आपदा ग्रस्त इलाके से होकर गुजरते हैं। लगभग 300 भारतीयों के लापता होने की खबर है और सरकार उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रही है।'' मंत्री ने बताया कि आपदा के बाद लगभग 500 विदेशी नागरिकों से संपर्क नहीं हो पा रहा है, जबकि बाढ़ पीड़ित इलाकों में बचाव और राहत टीमें लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल सरकार लापता विदेशी नागरिकों की सुरक्षा और उनके ठिकाने के बारे में अलग-अलग देशों के दूतावासों से जानकारी एकत्रित कर रही है।

### इन देशों के लोग लापता

लापता बताए गए लोगों में नेपाल, चीन, भारत, अमेरिका, यूक्रेन, मलेशिया, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, जर्मनी, रूस, दक्षिण अफ्रीका, लातविया, जापान, न्यूजीलैंड, फ्रांस, बेल्जियम, स्पेन, इटली, कजाकिस्तान, पुर्तगाल, आयरलैंड, नीदरलैंड्स, बेलारूस, फिनलैंड, हंगरी, इजरायल, लिथुआनिया, फिलीपींस, बुल्गारिया, स्विट्जरलैंड, सर्बिया और स्वीडन के नागरिक शामिल हैं। लापता लोगों की संख्या अलग-अलग एजेंसियों में अलग हो सकती है। इसकी वजह यह है कि एजेंसियों ने आंकड़े जुटाने के अलग-अलग तरीके अपनाए, रिपोर्ट अलग-अलग समय पर मिली और आंकड़ों के सत्यापन में भी अंतर देखने को मिल रहा है।

## देश पर मंडरा रहा खतरा!: भारत में कभी भी तबाही मचा सकती हैं 2500 ग्लेशियर झीलें

नई दिल्ली। देश के 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में से 27 प्रदेश, आपदा के लिहाज से अत्यधिक संवेदनशील या जोखिम वाली स्थिति में हैं। हिमनदी झील के फटने से आने वाली बाढ़ (जीएलओएफ) की स्थिति में जोखिम का आकलन करने की तकनीक तो विकसित कर ली गई है, लेकिन इससे बचाव अभी तक एक चुनौती बना हुआ है। देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ मैदानी क्षेत्रों पर अतिक्रमण हो चुका है। नदी तल में अनियमित गतिविधियां जारी हैं। नदी बेसिन-स्तरीय योजना का अभाव है। ऐसे में अगर जीएलओएफ जैसा कुछ होता है तो उस दौरान जानमाल के बचाव का अचूक और सुरक्षित समाधान नजर नहीं आ रहा। देश में 25 सौ से अधिक ग्लेशियल झीलें संवेदनशील स्थिति में हैं तो वहीं हिमालय की 400 से अधिक ग्लेशियर झीलें तेजी से पिंघल रही हैं। तिब्बत से सटे नेपाल के रसुवा जिले की भोटेकोशी नदी में अचानक आई तेज बाढ़ से जानमाल की भारी क्षति हुई है। नेपाल के उत्तरी हिस्से में चीन-तिब्बत सीमा से निकलने वाली भोटेकोशी नदी को हिमालयी नदी कहा जाता है। नेपाल की इस भयानक त्रासदी के पीछे हिमनदी झील का फटना बताया जा रहा है। देश के अनेक भागों में बार-बार आने वाली बाढ़ की समस्या इसलिए गंभीर हो जाती है, क्योंकि बाढ़ मैदानी क्षेत्रों पर अतिक्रमण हो चुका है। नदी तल में अनियमित गतिविधियां जारी हैं। नदी बेसिन-स्तरीय योजना का अभाव है। इसके चलते जब बाढ़ आती है तो भारी नुकसान होता है। अगर उक्त उपायों पर गंभीरता से काम हो तो जन-धन एवं संपत्ति की हानि को टाला जा सकता है। आपदा प्रबंधन पर डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल की अध्यक्षता वाली गृह मंत्रालय की संसदीय समिति की 261 वीं रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

# सीढ़ी बनाने की ना कोई योजना, ना कोई आदेश




टीएनएफ टुडे, चम्बल।

- ये बात कलेक्टर मुरैना ने सुप्रीम कोर्ट के वकील से फोन पर कही
- चंबल के उसैत घाट पर निमार्णाधीन पुल को लेकर बना असमंजस

उसैट घाट पर निमार्णाधीन पुल पर सीढ़ी बनाने का आदेश नहीं दिया गया है और नहीं कोई विभाग सीढ़ी बना रहा है। जो खबरें हैं वे सब हवा में हैं, सब गलत हैं, अफवाह हैं। ये बात मुरैना के कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने सुप्रीम कोर्ट के वकील अनिल गुप्ता से दूरभाष पर कही।

करीब दस दिन से ये खबरें बढ़ा चढ़ाकर प्रसारित हो रहीं कि मुरैना के कलेक्टर ने पिनाहट की ओर से खड़े पोल पर सीढ़ी लगाकर यात्रियों को पैदल निकलने दिया जायेगा। ये बात पत्रकार शंकर देव तिवारी और सुप्रीम कोर्ट के वकील अनिल गुप्ता के गले नहीं उतरी तो पहले सेतु निगम से मुरैना भोपाल बात की। तो ऐसी बात की ताहिद नहीं हुई। गुरुवार को जब चीफ से बात हुई तो उसने साफ इंकार कर दिया। साथ ही उनका कहना यह भी था कि खबरों में जब डीएम का नाम है तो उनसे बात कीजिए। फिर नम्बर लेने का अभियान चला और शाम को वकील साहब को सफलता मिली। जब डीएम ने इन बातों को एक सिरे से खारिज कर दिया। आप को बता दें कि वकील गुप्ता और पत्रकार तिवारी जन हित में आए दिन ऐसी ही बातों को लेकर जोखिम उठाते रहते हैं।

रिजर्वेशन हटाओ आंदोलन

# नड्डा ने आरक्षण सुधार कार्यकर्ताओं से की मुलाकात, जल्द दोबारा बैठक का संकेत

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को आरक्षण सुधार कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात की, जिन्होंने हाल ही में 21 अगस्त को दिल्ली के जंतर-मंतर पर भारत की आरक्षण प्रणाली में व्यापक बदलाव की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया था।

बता दें कि प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में जंतर-मंतर पर एकत्रित हुए थे और आरक्षण प्रणाली में बदलाव की मांग करते हुए सार्वजनिक शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में जाति-आधारित आरक्षण को आय-आधारित कोटा से बदलने की वकालत की थी।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने गुरुवार को आरक्षण सुधार कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उनकी चिंताओं और शिकायतों को दूर करने के लिए जल्द ही एक और बैठक का संकेत भी दिया। नड्डा ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर प्रतिनिधियों के साथ हुई अपनी 'सौहार्दपूर्ण' चर्चा के बारे में भी जानकारी दी।

नड्डा ने अपने एक्स में पोस्ट करके कहा, 21 अगस्त को जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन के बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, टीम के सदस्यों हर्ष दुबे, रण बहादुर सिंह चौहान और मृत्युंजय पाठक के साथ सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। इस संबंध में हम जल्द ही फिर मिलेंगे। हालांकि, केंद्रीय मंत्री ने "रिजर्वेशन हटाओ आंदोलन" नामक संगठन का कोई जिक्र नहीं किया और न ही उन्होंने इसके प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में हुई चर्चा का विस्तार से वर्णन किया।

योगी सरकार का ब्रज को नया तोहफा

# वृंदावन में बनकर तैयार हुआ भव्य 'श्रीहरिदास प्रेक्षागृह'

**जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर सकते हैं अत्याधुनिक सांस्कृतिक केंद्र का लोकार्पण**

**42 करोड़ रुपये की लागत और 20 हजार वर्ग गज में तैयार हुआ है सर्वसुविधायुक्त प्रेक्षागृह**

**ब्रज की लोक कलाओं और स्थानीय प्रतिभाओं को मिलेगा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच**

टीएनएफ टुडे, वृंदावन, मथुरा।

योगी सरकार ब्रज की प्राचीन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सहेजने तथा इसे विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मथुरा-वृंदावन के विकास को नई गति देते हुए, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने एक बेहद भव्य 'श्रीहरिदास प्रेक्षागृह' का निर्माण कराया है। पानीगांव मार्ग स्थित गीता शोध संस्थान के पास बने इस विशाल ऑडिटोरियम में फिनिशिंग का कार्य अपने अंतिम चरण में है। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने वृंदावन दौरे के दौरान इस अत्याधुनिक सांस्कृतिक केंद्र का लोकार्पण कर इसे ब्रजवासियों को समर्पित करेंगे।



### ब्रज की लोक कला और प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

योगी सरकार की प्राथमिकताओं में ब्रज संस्कृति का संरक्षण हमेशा से शीर्ष पर रहा है। यह नया प्रेक्षागृह ब्रज की लोक कलाओं के उत्थान में एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य ब्रज के ग्रामीण और शहरी अंचलों में छिपी कलात्मक प्रतिभाओं को एक उत्कृष्ट और सर्वसुविधायुक्त मंच प्रदान करना है। ब्रज की समृद्ध परंपरा और आध्यात्मिक आभा को दर्शाने के लिए प्रेक्षागृह के भीतर स्वामी हरिदास के साथ ब्रज के रसिक संतों- संत हरिराम व्यास और श्रीहित हरिवंश महाप्रभु के भव्य चित्र भी लगाए गए हैं।

### अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और ओपन थिएटर की सुविधा

कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा लगभग 42 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परिसर 20 हजार वर्ग गज भूमि में फैला हुआ है। इसके मुख्य ऑडिटोरियम में एक साथ 1000 दर्शकों के बैठने की शानदार व्यवस्था की गई है, जिससे यहां बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आसानी से आयोजित किए जा सकेंगे। इसके अलावा परिसर में लाल पत्थरों से एक खूबसूरत ओपन थिएटर भी तैयार किया गया है, जो खुले आसमान के नीचे पारंपरिक आयोजनों के लिए एकदम अनुकूल होगा। आगंतुकों की सुविधा के लिए एक विशाल पार्किंग स्पेस का भी निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में ब्रज क्षेत्र का जो चौतरफा कायाकल्प हो रहा है, 'श्रीहरिदास प्रेक्षागृह' उसका एक प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# दिल्ली में महाशक्तियों का जमावड़ाः भारत की कूटनीतिक अग्निपरीक्षा



एजेंसी, नई दिल्ली।

देश की राजधानी में 12 और 13 सितंबर को होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत सदस्य देशों के साथ खुलकर बातचीत कर रहा है। मकसद सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनाना और संयुक्त घोषणा जारी करना है। भारत इस समय समूह की अध्यक्षता कर रहा है।

#### पश्चिम एशिया संघर्ष को कूटनीति के जरिए सुलझाने की कोशिश

सूत्रों के मुताबिक, बातचीत में पश्चिम एशिया के संघर्ष को संवाद और कूटनीति के जरिए सुलझाने पर जोर रहेगा। क्षेत्रीय अखंडता, समुद्री व्यापार की निर्बाध आवाजाही और नागरिकों व नागरिक ढांचे की सुरक्षा भी चर्चा के प्रमुख विषय हैं।

#### मई में क्यों नहीं बनी थी एक राय?

मई में सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में पश्चिम एशिया संघर्ष पर ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच तीखे मतभेद सामने आए थे। इसके चलते संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका। भारत ने तब अध्यक्ष का बयान और परिणाम दस्तावेज जारी किया था। इसमें दो ऐसे अनुच्छेद थे, जिन पर सभी देशों की सहमति नहीं बन पाई थी।

#### 25 से अधिक शहरों में 350 से ज्यादा बैठकें

विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत की अध्यक्षता का विषय लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मानवता पहले' के दृष्टिकोण पर आधारित है। इस साल भारत के 25 से अधिक शहरों में 350 से ज्यादा बैठकें और उच्चस्तरीय कार्यक्रम हुए हैं।

# बहनें खरीद रहीं चंदन, कलावा और तुलसी की राखी

## सनातन धर्म, संस्कृति से प्रभावित सजा राखी का बाजार

टीएनएफ टुडे, बाह।

रक्षाबंधन पर बाजारों में सनातन धर्म एवं संस्कृति से जुड़े प्रतीकों वाली राखियों की मांग ज्यादा है। बहनें चंदन, कलावे से बनी तुलसी, रुद्राक्ष, ओउम, त्रिशूल, स्वास्तिक, महादेव, गणेश के प्रतीकों वाली राखियां खरीदने में दिलचस्पी दिखा रही हैं। बाह, जैतपुर, जरार, भदरौली, चित्राहाट, बासौनी में मंगलवार को राखी बाजार में रौनक रही।



बाह में राखी खरीद रही सौम्या, सविता, किरन, रागिनी, प्रीती ने बताया कि कलावे में बुनी गई चंदन, रुद्राक्ष और तुलसी की राखी उनकी पहली पसंद है। जरार में खरीददारी कर रही प्रियंका, ममता, सुमन, लक्ष्मी, गीता ने बताया कि त्रिशूल, महादेव, गणेश, ओउम के प्रतीकों के साथ रुद्राक्ष की राखी खरीदी है। माया, उर्मिला ने बताया कि सोना और चांदी मंहगा हो गया है, इसलिए भाई की कलाई पर बांधने के लिए पॉलिस वाली राखियां खरीदी हैं। बाजारों में भाई के नाम वाली राखी, स्टोन राखी, वूडेन वाली राखियां भी बाजार में खूब बिक रही हैं। इनकी कीमत 60 से 700 रुपये तक है। राखी कारोबारी राजू गुप्ता ने बताया कि राखियां बहनों की पसंद को ध्यान में रखते हुए बनाई और मंगाई गई हैं। रेशमी धागे, कच्चे सूत और कलावे के साथ चंदन, रुद्राक्ष और तुलसी से बनी राखी ज्यादा बिक रही हैं। वुडेन, मेटैलिक राखियों की मांग इस बार कम है। चांदी और गोल्डेन पॉलिश वाली राखियां भी बाजार में बिक रही हैं।

### बच्चों के लिए कार्टून व लाइट वाली राखियों की मांग

बच्चों के लिए इस बार कार्टून और लाइट वाली राखियों की मांग ज्यादा है। इनमें बच्चों के पसंदीदा कार्टून पात्रों के डिजाइन के साथ रंग-बिरंगी एलईडी लाइट लगी हैं, जो कलाई पर बांधने के बाद चमकती हैं। दुकानदार वीरेन्द्र कुशवाह ने बताया कि ऐसी राखियां बच्चों को खूब पसंद आ रही हैं और इनकी कीमत करीब 25 से 100 रुपये तक है। कार्टून कैरेक्टर (जैसे छोटा भीम, डोरेमोन, स्पाइडरमैन), लाइटिंग, साउंड और टेडी वाली राखियां बच्चों में बहुत लोकप्रिय हैं।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वांछित आरोपी गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, आगरा।

**शंकर ग्रीन अपार्टमेंट में छापेमारी से मचा हड़कंप**

थाना एकता क्षेत्र स्थित शंकर ग्रीन अपार्टमेंट में उस समय हड़कंप मच गया, जब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने फ्लैट नंबर 1202 में छापेमारी कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सॉफ्टवेयर इंजीनियर अर्जुन शर्मा के रूप में हुई है। आरोप है कि उसने अमेरिका में अपनी पूर्व प्रेमिका की हत्या करने के बाद भारत आकर पहचान छिपाकर आगरा में ठिकाना बना लिया था। मामला अमेरिका के मैरीलैंड राज्य के हॉवर्ड काउंटी स्थित कोलंबिया क्षेत्र का बताया जा रहा है। अमेरिकी पुलिस के अनुसार, 31 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 के बीच 27 वर्षीय तेलुगु महिला निकिता गोडिशाला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। जांच में निकिता और अर्जुन के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर लंबे समय से विवाद सामने आया।

बताया गया है कि वारदात के बाद आरोपी अमेरिका से फरार होकर भारत आ गया था। करीब 15 दिन पहले अर्जुन आगरा पहुंचा और कहरई स्थित शंकर ग्रीन अपार्टमेंट में किराये पर फ्लैट लेकर रहने लगा। वहीं, हैदराबाद के लल्लागुड़ा थाने में भी अर्जुन के खिलाफ मामला दर्ज बताया गया है। इसी मामले की जांच के सिलसिले में हैदराबाद पुलिस आगरा पहुंची। टीम ने डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास से संपर्क किया, जिसके बाद थाना एकता पुलिस के सहयोग से शंकर ग्रीन अपार्टमेंट की घेराबंदी कर फ्लैट नंबर 1202 में छापेमारी की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब आरोपी से पूछताछ कर उसके भारत आने, आगरा में ठिकाना बनाने और अमेरिका की घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही हैं।



## सुनील बने भारतीय किसान क्रांति यूनियन के तहसील अध्यक्ष

फतेहाबाद। भारतीय किसान क्रांति यूनियन का संगठन विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट ऋषि मिश्रा ने तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के ग्राम बीलपुरा निवासी सुनील शर्मा पुत्र श्याम सुंदर शर्मा को फतेहाबाद तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मनोनयन की घोषणा के बाद क्षेत्र के किसान कार्यकताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय से मनोनयन-पत्र जारी कर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सुनील शर्मा की संगठन के प्रति निष्ठा और किसानों के हितों के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से किसानों के हक की लड़ाई लड़ेंगे। मनोनयन पर सुनील शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरे उतरेंगे। फतेहाबाद तहसील के किसानों की समस्या, सिंचाई, बिजली व फसल सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को मजबूती से प्रशासनिक स्तर पर उठाकर उनका समाधान कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



फतेहपुर सीकरी। रक्षाबंधन के अवसर पर थाना फतेहपुर सीकरी परिसर में सौहार्द और आत्मीयता का माहौल देखने को मिला। उच्च प्राथमिक विद्यालय मंडी मिर्जा खान की छात्राओं ने थाना परिसर पहुंचकर पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी। बताया गया कि विद्यालय की छात्राओं द्वारा पुलिसकर्मियों को राखी बांधने का यह आयोजन करीब 11 वर्षों से किया जा रहा है। हर वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर छात्राएं थाना परिसर पहुंचकर पुलिसकर्मियों के साथ त्योहार मनाती हैं। इस दौरान छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाई और उनके स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन की कामना की। पुलिसकर्मियों ने भी छात्राओं को स्नेह और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में खुशनुमा माहौल रहा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष आनंदवीर सिंह, एसआई विपिन कुमार सहित, हेड मुंशी अजय पाल व अन्य थाना स्टाफ मौजूद रहा। विद्यालय की ओर से अजीता सिंह, सीता वर्मा,पदम रावत, जिगनेश कहरवार, विराट कहरवार, सत्य प्रकाश राजपूत, अनिल कहरवार और विपिन अग्रवाल सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सफाई मित्रों को राखी बांधकर दिया सम्मान




टीएनएफ टुडे, अछनेरा।

नगर पालिका परिषद अछनेरा की आईईसी संस्था भूमि फाउंडेशन की ओर से ह्यबंधन स्वच्छता काह्न अभियान के तहत इंद्रा पब्लिक स्कूल एवं आरके इंस्टीट्यूट में रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। इस दौरान छात्राओं ने अपने हाथों से सुंदर राखियां, स्वच्छता संदेश और आकर्षक पोस्टर तैयार किए। पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, कचरा पृथक्करण और प्लास्टिक मुक्त अछनेरा का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने एक स्वर में ह्यबंधन निभाएं-बंधन स्वच्छता काह्न का संकल्प लिया। इसका उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ दिन-रात शहर की सफाई में जुटे सफाई मित्रों का मान-सम्मान बढ़ाना रहा। इंद्रा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक, नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं भूमि फाउंडेशन की आईईसी टीम ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता के वास्तविक प्रहरी हैं और उनके कार्य का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, सफाई मित्रों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत के तहत दंगल कल

खेरागढ़। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को खेरागढ़ में कुश्ती का रोमांच चरम पर होगा। मंडी समिति मैदान में सुबह 10 बजे से ह्यखेरागढ़ दंगल 2026ह्न का भव्य आयोजन किया जाएगा। दंगल को ह्यनशामुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्न और फिट इंडिया अभियान को समर्पित किया गया है। दंगल में देश और प्रदेश के कई नामचीन पहलवान अखाड़े में उतरेंगे। इनमें भारत केसरी शेरा गुर्जर, भारत केसरी भारत पहलवान, भारत केसरी रामेश्वर पहलवान, राजस्थान केसरी हरेंद्र गुर्जर रसूलपुर, यूपी केसरी श्यामवीर पहलवान, नवल पहलवान, महिला पहलवान पूनम सोलंकी, गामिनी चाहर अकोला, खुशी और करन पहलवान प्रमुख रूप से शामिल हैं। पहलवानों के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजन में भाजपा ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन लाल लोधी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

# उल्लू, सेही और उनके अंग सहित दो दबोचे

## वन विभाग ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

फतेहाबाद-शमशाबाद मार्ग पर सती मंदिर के पास से बुधवार दोपहर को वन विभाग ने दो बाइक सवारों को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से एक उल्लू, दो उल्लू के पंजे, एक सेही का कांटा सहित अन्य सामान बरामद किया गया। दो के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर जेल भेजा गया।




वन क्षेत्राधिकारी फतेहाबाद विशाल राठौर ने बताया कि बुधवार दोपहर को 2:55 बजे सूचना मिली कि फतेहाबाद-शमशाबाद मार्ग पर सती मंदिर के पास नहर किनारे सड़क पर एक बाइक पर सवार दो लोग खड़े है। जिनके पास लकड़ी के पिंजरे में एक उल्लू है। सूचना पर वन रक्षक सोहन को टीम के साथ मौके पर भेजा तो बाइक सवार वन विभाग की टीम को देखकर मौके से भागे तभी टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जिनके नाम पता पूछने पर सदुआ पुत्र रसीद खान, शोला पुत्र कम्मू निवासी कौरई थाना किरावली आगरा बताया गया। जिनकी तलाशी लेने पर लकड़ी के पिंजरे में एक उल्लू, दो उल्लू के पंजे, एक सेही का कांटा, अन्य सामान बरामद किया गया। वहीं पूछताछ करने पर बताया कि दोनों आपस में रिश्तेदार लगते हैं। एक वर्ष पूर्व उन्होंने किसी से उल्लू का बच्चा लिया था। उसे पाला था वह गांव-गांव जाकर उल्लू को दिखाकर ताबीज बनाते थे। वहीं बरामद उल्लू के पंजे के बारे में बताया कि फतेहाबाद- शमशाबाद मार्ग पर एक उल्लू टक्कर से मर गया था। यह उसके पंजे है। वहीं दोनों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण 1972 के तहत धारा 9,39,49,50 ,51 के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों को आगरा जेल भेज दिया गया है।

विवेचना अधिकारी एसडीओ वन विभाग शिकोहाबाद ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ करने बताया कि यह लोग उल्लू को दिखाकर ताबीज बनाकर डौकी, शमसाबाद, किरावली, फतेहाबाद क्षेत्र में लोगों को गुमराह कर ठगी करते हैं। वन उल्लू को कानपुर जू में भेजने के लिए परमिशन मांगी जा रही है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## एसडीएम ने पांच ओवरलोड डंपर पकड़े



खेरागढ़। तहसील क्षेत्र में अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के संचालन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम नरेंद्र गंगवार के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने बुधवार को सैंया से सरेंधी तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया।अभियान के दौरान खेरागढ़ और कागारौल क्षेत्र में पांच ओवरलोड डंपरों को पकड़ा गया। अधिकारियों ने वाहनों के दस्तावेजों और खनिज परिवहन से संबंधित अभिलेखों की भी जांच की। कार्रवाई के बाद वाहन चालकों और खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया।एसडीएम नरेंद्र गंगवार ने बताया कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़कों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा राजस्व हानि को रोकना है।

## गालियों के विरोध पर किशोरी का सिर फोड़ा

बाह। जैतपुर के चौगान (प्यारम्पुरा) गांव के रामरूप ने दर्ज कराई प्राथमिकी के मुताबिक बुधवार शाम 6.30 बजे खडंजे पर गाय खड़ी थी। तभी गांव का सोवति घर के पास आया और गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर बेटी कुसमा का लाठी से सिर फोड़ दिया। वह चीख पुकार मचाती हुई घर की ओर दौड़ी तो उस पर कई बार लाठी से प्रहार किए। परिजन और बस्ती के लोग आने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। जैतपुर पुलिस ने घायल का मेडीकल कराया था। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच एवं आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी, कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा

बाह। फेसबुक पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद पर अभद्र टिप्पणी किए जाने के मामले में बृहस्पतिवार को आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी ने बाह में प्रदर्शन कर एसीपी बाह जितेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपकर आईटी एक्ट में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। एसीपी ने जांच एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आजाद समाज पार्टी की बाह विधानसभा प्रभारी सरला सिंह गुर्जर, सम्राट देवेश बौद्ध आदि ने फेसबुक पेज पर दो आईडी से अपमानजनक एवं अभद्र टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस दौरान राजेन्द्र सिंह, सुनील कुमार वरुण, मोनू जयंत, संदीप वाल्मीक, विनोद कुमार, उपेन्द्र सिंह, शिवदयाल निषाद, सौरभ गुर्जर, देवेश जाटव, राहुल राजौरिया, हेमंत बंसल आदि रहे।

# यूजीसीसी रोल बैक को लेकर उठी हुंकार

## शमसाबाद में निकाली गई विशाल रैली

टीएनएफ टुडे, शमशाबाद।

यूजीसीसी रोल बैक और आरक्षण संशोधन की मांगों को लेकर शमशाबाद में रिमझिम बारिश के बावजूद युवाओं का उत्साह चरम पर नजर आया। युवराज सिंह परिहार की अगुवाई में एक विशाल जनचेतना रैली का आयोजन किया गया।




लगातार पानी बरसने के बावजूद कार्यकताओं का हुजूम सड़कों पर डटा रहा। रैली की शुरूआत बीपीएस कॉलेज से हुई, जहाँ से युवराज सिंह परिहार के नेतृत्व में यह जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों और मुख्य बाजारों से गुजरा। हाथों में बैनर-तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी कर अपनी मांगें बुलंद कीं।

नगर भ्रमण के पश्चात परशुराम वाटिका पहुँचकर रैली का औपचारिक एवं शांतिपूर्ण समापन हुआ। रैली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

## पशु प्रेमियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

आगरा। थाना न्यू आगरा ने पुष्पांजलि बाग सोसाइटी के डॉग फीडर्स को जबरदस्ती एक लिखित समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया कि वे सोसाइटी परिसर के अंदर कम्युनिटी डॉग्स को कभी खाना नहीं खिलाएंगे। यह आरोप लगाते हुए एसपीसीए के बैनर तले एसपीसीए की सदस्य व कैस्पर्स होम की संचालिका विनीता अरोरा व पशु प्रेमियों ने जिलाधिकारी मनीष बंसल को इस सम्बंध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मुख्य रूप से संजय मल्होत्रा, सारिका तिवारी, रुद्रांश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## आईटीआई प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

आगरा। प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शैलेंद्र प्रताप सिंह ने अवगत कराया है कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, अलीगंज, लखनऊ द्वारा जनपद आगरा में संचालित समस्त राजकीय / निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रथम चरण प्रवेश-2026 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपना पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि अंकित करने के उपरान्त प्रवेश सत्र-2026 प्रथम चरण वरियता / मेरिट में चयनित होने वाले आवेदक / अभ्यर्थी का बुलावा पत्र प्रदर्शित होगा। जिसका प्रिन्ट प्राप्त कर अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं उनकी एक-एक प्रमाणित छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्बन्धित प्रवेशित संस्थान में उपस्थित होकर अभ्यर्थी 4 सितंबर तक प्रवेश ले सकते है।

## चौराहे पर तीसरी आंख का पहरा हुआ बंद, अपराध और अपराधियों पर शिकंजे के लिए उठी ठीक कराने की मांग

बाह। त्योहारी सीजन में आगरा इटावा स्टेट हाइवे स्थित बाह चौराहे पर तीसरी आंख का पहरा बंद हो गया है। एनजीओ एग्री यूथ के संयोजक वसीम पठान ने बताया कि बाह के चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे कई महीने से खराब पड़े हैं। त्योहारी सीजन में बाह के बाजार से लेकर सड़क तक भीड़ रहती है। सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराए जाने की जरूरत है। जिससे अपराधियों में तीसरी आंख के पहरे का खौफ रहे। इससे अपराध नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। जन सुरक्षा के मद्देनजर उन्होंने सीसीटीवी कैमरे ठीक कराने की मांग की है। जैतपुर चौराहे पर 4 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। लेकिन बंदरों ने तार आदि काट दिए हैं। जिससे तीसरी आंख का पहरा बंद हो गया है। जनहित में सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराए जाने की मांग स्थानीय लोगों ने उठाई है। जरार, फरैरा, बटेश्वर तिराहे पर भी सीसीटीवी कैमरों का अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए पहरा शुरू कराए जाने की स्थानीय स्तर पर मांग उठती रही है।



## भाजपा नेता के चाचा की हत्या में पांचवीं गिरफ्तारी

बाह। बासौनी के गुंगावली गांव में भाजपा बाह देहात के मंडल अध्यक्ष एवं प्रधान रविन्द्र बघेल पर 9 अगस्त को हुए हमले में चाचा सुरेश बघेल समेत 4 परिजन घायल हुए थे। 11 अगस्त को उपचार के दौरान सुरेश बघेल की सांसे थम गई थी। बासौनी पुलिस ने बृहस्पतिवार को गुंगावली के अरुण उर्फ अन्ना को खिल्ला पड़कौली तिराहे के पास इमलीपुरा गांव को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लाठी बरामद की है। इससे पहले बासौनी पुलिस गोलीराम, नेकसीलाल, मुन्नेश, बबलू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एसीपी पिनाहट अनिल कुमार ने बताया कि भाजपा नेता रविन्द्र बघेल के भतीजे कुनाल सिंह ने 20 नामजद एवं 10-12 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हमले में नामजद मनीष, मलखान, पवन, थान सिंह, विजय, आदेश, जोगेन्द्र, निहाल, छोटेलाल बघेल, प्रवेश, विपिन बघेल, लवकुश, अजय बघेल, आकाश, सुनील की तलाश में पुलिस दविशें दे रही है।

## खेरागढ़ में बहनों ने की जमकर खरीदारी

खेरागढ़। रक्षाबंधन पर्व पर कस्बा खेरागढ़ के बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही। राखी, मिठाई, चूड़ी, कंगन और उपहारों की दुकानों पर महिलाओं व युवतियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बहनों ने भाइयों के लिए रंग बिरंगी राखियां, मिठाइयां और उपहार खरीदकर पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।बाजार में इस बार सूती लाल,पीले धागों की पारंपरिक राखियों की सबसे अधिक मांग रही। दुकानदारों के अनुसार धार्मिक महत्व और आकर्षक डिजाइन के कारण इन राखियों की बिक्री अन्य राखियों की तुलना में अधिक रही। वहीं बच्चों के लिए कार्टून और फैंसी राखियां भी खूब पसंद की गईं।मिठाई बाजार में भी ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ रही। कस्बे में करीब आधा सैकड़ा दुकानों पर सूखा, मलाईदार और कम मीठा घेवर बिक्री के लिए उपलब्ध रहा। वनस्पति और रिफाइंड तेल से तैयार सूखा घेवर 150 रुपये प्रति किलो तथा मलाईदार घेवर 250 रुपये प्रति किलो के भाव से बिका।

# डिजिटल टिकटिंग की ओर बढ़ता आगरा

## यात्रियों, टिकट बिक्री और आय में उल्लेखनीय वृद्धि

टीएनएफ टुडे, आगरा।

मण्डल रेल प्रबंधक गगन गोयल के दिशा-निर्देश एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अंकित गुप्ता के नेतृत्व में मण्डल वाणिज्य प्रबंधक वीरेन्द्र सिंह तथा संजय गौतम सहायक वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग द्वारा डिजिटल इंडिया अभियान को बढ़ावा देते हुए अनारक्षित टिकटों की बिक्री में डिजिटल भुगतान को व्यापक रूप से अपनाया एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2026-27 में डिजिटल माध्यम से टिकट खरीदने वाले यात्रियों की संख्या, डिजिटल टिकटों की बिक्री तथा डिजिटल भुगतान के माध्यम से प्राप्त आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की अप्रैल से अगस्त अवधि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2026-27 की इसी अवधि में डिजिटल माध्यम से टिकट खरीदकर यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 6.30 लाख से बढ़कर 9.92 लाख हो गई है, जो 57.46 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ती है। इसी प्रकार, डिजिटल माध्यम से खरीदे गए कुल टिकटों की संख्या में भी महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की अप्रैल से अगस्त अवधि में जहां 2.45 लाख डिजिटल टिकट जारी किए गए थे, वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 की इसी अवधि में यह संख्या बढ़कर 3.94 लाख हो गई, जो 60.37 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ती है। इसी अवधि में डिजिटल भुगतान के माध्यम से प्राप्त आय ?5.77 करोड़ से बढ़कर ?9.33 करोड़ हो गई, जो 61.71 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है।

डिजिटल भुगतान व्यवस्था के माध्यम से यात्रियों को टिकट खरीदने के लिए नकद राशि की आवश्यकता नहीं होती तथा उन्हें त्वरित, सरल, सुरक्षित एवं पारदर्शी भुगतान सुविधा उपलब्ध होती है। इससे टिकटिंग प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक होने के साथ-साथ आधुनिक एवं कैशलेस यात्रा व्यवस्था को भी बढ़ावा मिल रहा है।

आगरा मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सरल एवं आधुनिक यात्रा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डिजिटल भुगतान के प्रति यात्रियों को जागरूक करने तथा अनारक्षित टिकट खरीदने के लिए डिजिटल माध्यमों के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु मंडल द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यात्रियों को बेहतर, सुविधाजनक एवं पारदर्शी यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आगरा डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ यात्रियों से वैध रेल टिकट लेकर यात्रा करने की भी अपील करता है।

## आईटीआई में अप्रेंटिसशिप कैंपस का आयोजन 31 को

आगरा। प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शैलेंद्र प्रताप सिंह ने अवगत कराया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 31 सितंबर को शिशिक्षु कैंपस का आयोजन प्रातः 10 बजे से होगा। कैंपस में अप्रैन्टिस के लिए ऐसे पुरूष प्रशिक्षार्थी जिन्होंने राजकीय / निजी आईटीआई से तकनीकी सम्बंधित किसी भी व्यवसाय से जैसे- मैकेनिक डीजल इंजन, ट्रैक्टर मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, फिटर, टर्नर एवं मशीनिस्ट आदि व्यवसाय में परीक्षा उत्तीर्ण की हो वह अप्रैन्टिस हेतु शिशिक्षु कैंपस में सम्मिलित हो सकते हैं। कैंपस में चयन लिखित व साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा।

## लाइन ठीक करते समय गिरा युवक, घायल

बाह। झुके हुए खम्भे से हादसे के खतरे को दूर करने के लिए लाइन ठीक कराते समय युवक गिर कर घायल हो गया। आम का पुरा (फरैरी) गांव में बिजली का खम्भा झुक गया था। हादसे का अंदेशा जताते हुए गांव के राजकुमार ने बिजली विभाग से लाइन दुरुस्त करने के लिए शिकायत की थी। शिकायत पर बृहस्पतिवार को दोपहर 2 बजे विभाग की टीम लाइन ठीक करने के लिए पहुंची थी। परिजनों ने बताया कि राजकुमार टीम की मदद करने के लिए खम्भे पर चढ़ कर रस्सी के सहारे तार खींच रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह खम्भे से गिरा। गिरते ही झुका हुआ खम्भा भी गिर गया, जिसके नीचे दबकर राजकुमार घायल हो गया। आनन फानन में परिजनों ने इलाज के लिए राजकुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाह पर भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा के लिए रेफर कर दिया।

## 12 घरों में पकड़ी 35 किलोवाट की बिजली चोरी

बाह। बाह टाउन में उप जिलाधिकारी अभिषेक गोस्वामी के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को छापेमारी की। सुबह तड़के हुई छापेमारी में 12 परिसरों में 35 किलो वाट की चोरी पकड़ी गई है। एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस एवं बिजली विभाग की छापेमारी से बाह कस्बे में अफरा तफरी मच गई। कई परिवार अपने कटिया तार उतारकर भूमिगत हो गये।

# जब पढ़ेगी बेटी तभी उन्नत होगा समाज



टीएनएफ टुडे, आगरा।

सेंट एंड्र्यूज बरौली अहीर आगरा के वातानुकूलित सभागार में अप्सा गर्ल्स चाइल्ड हायर एजुकेशन छात्रवृत्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन 27 अगस्त को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रुचि चतुर्वेदी (राष्ट्रीय कवयित्री) तथा अप्सा के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथिगण व सभी गणमान्य अतिथिगणों का पौधे एवं बैज भेंटकर अभिनंदन किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्राओं ने हनुमान चालीसा पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके अतिरिक्त मधुर गीत एवं प्रेरणादायी कविता की प्रस्तुति व आकर्षक मंच संचालन ने सभी का मन मोह लिया। वर्तमान समय में महिला सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सत्कार्य की पूर्ति के लिए एसोसिएशन आफ प्रोगेसिव स्कूल्स ऑफ आगरा (अप्सा) द्वारा प्रतिवर्ष मेधावी एवं निर्धन छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति के चैक प्रदान किए जाते हैं। इस बार 49 चयनित छात्राओं को छात्रवृत्ति के चैक मुख्य अतिथि, अप्सा पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा प्रदान किए गए। अप्सा सचिव डॉ. गिरधर शर्मा ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में 29,36,000/-(उनतीस लाख छत्तीस हजार) की छात्रवृत्ति निर्धन एवं मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु अप्सा द्वारा प्रदान की जा चुकी है। इस वर्ष अप्सा ने 49 छात्राओं का चयन करके नया कीर्तिमान बनाया है। प्रत्येक छात्रा को ? 8000 के चैक प्रदान किए गए और अगले तीन वर्षों में कुल 24000 रुपए छात्रवृत्ति प्रत्येक छात्रा को प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अप्सा उपाध्यक्ष व सिंबायजिया वर्ल्ड स्कूल के निदेशक डॉ. जी.एस. राणा ने आत्मविश्वास से ओत-प्रोत दो छात्राओं क्रमशः परी कटारा (सेंट एंड्र्यूज स्कूल, बरौली अहीर) को अप्सा छात्रवृति के अतिरिक्त तीन वर्षों के लिए 51000/- रूपए एवं सान्या खान (भारतीय विद्यापीठ बाल भारती स्कूल, विभव नगर) को तीन वर्षों के लिए 36000/- रूपए प्रदान करने की घोषणा की। अप्साध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, अप्सा कोषाध्यक्ष प्रद्युम्न चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव त्रिलोक सिंह राणा, मनीष गुप्ता, कर्नल अपूर्व त्यागी, सुमित उपाध्याय, अनिल यादव, डॉ फिरोज खान, रवि नारंग, विनय गुप्ता, शेखर भारत सिंह, डॉ देवव्रत शर्मा, युवराज राणा सिंह, प्रांजल शर्मा, अपूर्वा शर्मा, शिवांजल शर्मा, ओशिन शर्मा एवं गुंजन पुंडीर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम की सफलता में सेंट एंड्र्यूज स्कूल की प्राचार्या साहिबा खान, बी.डी. दुबे, रेहाना परवीन, अनीता मुद्गल, नीरजा शर्मा, अमित कुमार, रंजीत सिंह, जितेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, धीरेश राजपूत, वाई.पी. सिंह आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# काले झंडों के साथ सिंधी समाज का सांकेतिक धरना

टीएनएफ टुडे, आगरा।



ताजगंज थाने के सामने स्थित जर्जर सिंधी श्री झूलेलाल मंदिर भवन का एक हिस्सा बुधवार को भरभराकर गिरने के बाद सिंधी समाज में रोष व्याप्त है। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन भवन का दूसरा हिस्सा भी बेहद क्षतिग्रस्त हालत में खड़ा है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। मामले को लेकर सिंधी समाज की ओर से काले झंडे दिखाकर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया गया। वह शासन-प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अनुमति देने की मांग की गई। समाज के लोगों का कहना है कि जर्जर भवन को लेकर पूर्व में भी प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है। कमिश्नर, जिलाधिकारी सहित एएसआई पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देकर स्थिति से अवगत कराया गया था। लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। इसी बीच भवन का एक हिस्सा गिर गया। समाज की मांग है कि बरसात के इस मौसम में तत्काल सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कार्रवाई कराई जाए और मंदिर क्षेत्र में जरूरी कार्य कराने की अनुमति प्रदान की जाए।

सिंधी समाज के प्रतिनिधि श्याम भोजवानी ने कहा कि समाज किसी विवाद को जन्म नहीं देना चाहता, बल्कि वर्षों पुरानी धार्मिक आस्था को सुरक्षित रखना चाहता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को तत्काल जर्जर हिस्से की सुरक्षा व्यवस्था करानी चाहिए और समाज को आवश्यक कार्य कराने की अनुमति देनी चाहिए।

श्री झूलेलाल मंदिर, ताजगंज के अध्यक्ष शंकरलाल आसवानी एवं सैक्ट्री प्रदीप दीवान ने कहा कि भवन का एक हिस्सा गिर चुका है और दूसरा हिस्सा भी खतरनाक स्थिति में है, प्रशासन से पहले ही कई बार अनुरोध किया जा चुका है, अब आवश्यकता है कि किसी अनहोनी का इंतजार किए बिना तत्काल सुरक्षा और आवश्यक कार्यवाही की जाए।

सिंधी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो सांकेतिक धरना-प्रदर्शन को आगे और व्यापक किया जा सकता है। समाज का कहना है कि प्रशासन के लिए बेहतर यही होगा कि वह किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय समय रहते कार्रवाई करे। दादी पकानी, द्रोपदी ज्ञानचंदानी, केसर, भावना, पूजा, काव्या सपना, ग्रंथी जोगेन्दर सिंह,श्याम भोजवानी, शंकर लाल आसवानी, प्रदीप दीवान, हरि किशन आडवानी, हरीश मोटवानी, राजू कोठरी, लक्ष्मण दास, हर्ष दासवानी, ताराचंद, किशनचंद आदि मौजूद रहे।

# दृष्टिबाधित छात्राओं ने जिलाधिकारी को बांधी राखी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर दृष्टिबाधित आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने जिलाधिकारी मनीष बंसल की कलाई पर राखी बांधकर भाई-बहन के स्नेह का संदेश दिया। छात्राओं के स्नेह से अभिभूत जिलाधिकारी ने उनकी राखियां स्वीकार कीं और उन्हें उपहार भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर जिलाधिकारी ने छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई, विद्यालय की व्यवस्थाओं,



खान-पान और रहने की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली ह्यलोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्राह्न योजना का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन के पर्व पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की समस्त बसों में सभी महिलाओं को एक सहयात्री के साथ निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है। यह सुविधा 27 अगस्त 2026 की सुबह 6 बजे से 29 अगस्त 2026 की मध्य रात्रि 12 बजे तक लागू रहेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान बाजारों में बड़ी संख्या में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के साथ ही सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं पर विशेष निगरानी रखी जाए। रक्षाबंधन के अवसर पर दृष्टिबाधित छात्राओं द्वारा जिलाधिकारी को राखी बांधने का यह आत्मीय कार्यक्रम भाई-बहन के रिश्ते की संवेदनशीलता और सामाजिक समरसता का संदेश देता नजर आया।

# फतेहपुर सीकरी में 40 किलो गांजा पकड़ा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में जयपुर हाईवे पर बुधवार सुबह एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और पुलिस की संयुक्त टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले एक बड़े अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया। बनखंडी महादेव मंदिर के समीप घेराबंदी कर टीम ने टाटा ट्रक से मारुति स्विफ्ट कार में गांजे की खेप ट्रांसफर कर रहे चार तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान तीन आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है। तलाशी के दौरान ट्रक में लदी 24 टन रबड़ की बोरियों के बीच छिपाकर रखे गए 40 किलोग्राम वजन के आठ पैकेट गांजा बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा निवासी ट्रक चालक नरेंद्र कुमार, जयपुर निवासी आकाश सांसी, अलवर निवासी अनिल कुमार और आगरा निवासी इरफान सलमानी उर्फ हनी के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से गांजे के अलावा 24 टन रबड़ से लदा टाटा ट्रक, मारुति स्विफ्ट कार, चार मोबाइल फोन और 13,340 रुपये नकद बरामद किए हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गांजा आंध्र प्रदेश के शिव रेड्डी क्षेत्र से रबड़ की बोरियों की आड़ में पंजाब ले जाया जा रहा था। इस दौरान गांजे की खेप का एक हिस्सा आगरा में जकरिया उर्फ जाका और उसके साथियों को स्विफ्ट कार के जरिए सौंपा जाना था। फरार आरोपियों की पहचान जकरिया उर्फ जाका, मन्नू और अजमत खान के रूप में हुई है।

पुलिस अब फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और पूरे तस्करी नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है। मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित संगीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर पौधे रोपे और पौधे बांटे

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- 600 से अधिक पौधों का रोपण एवं वितरण किया
- रक्षासूत्र के साथ धरती माता की रक्षा का संकल्प




रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर महिला प्रकोष्ठ, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा एवं महामना मालवीय मिशन, आगरा संभाग के संयुक्त तत्वावधान में पालीवाल पार्क परिसर में वृक्षारोपण एवं पौधा-वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा हरित एवं स्वच्छ आगरा के निर्माण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशू रानी जी ने अपने आवास पर सहजन का पौधा लगाकर की। इसके बाद विश्वविद्यालय के पालीवाल पार्क परिसर में मुख्य वृक्षारोपण एवं पौधा-वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पालीवाल पार्क परिसर में महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रो. अर्चना सिंह, प्रो. नीलम यादव, महामना मालवीय मिशन, आगरा संभाग के महासचिव राकेश चन्द्र शुक्ला एवं श्रुति सिंहा ने पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 600 से अधिक पौधे उपलब्ध कराए गए। इनमें अधिकांश पौधों का पालीवाल पार्क परिसर में रोपण किया गया, जबकि कुछ पौधे उपस्थित लोगों को अपने घरों में लगाने के लिए वितरित किए गए। इनमें सहजन, करौंदा, शहतूत, अनार, आम, अमरूद, नींबू, कनेर, चंपा, चमेली, गुड़हल, गुलमोहर, बोतल पाम, अशोक सहित विभिन्न प्रकार के फलदार, पुष्पीय एवं औषधीय पौधे शामिल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. अर्चना सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े इस प्रकार के कार्य समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। महामना मालवीय मिशन, आगरा संभाग के महासचिव राकेश चन्द्र शुक्ला ने कहा कि जिस प्रकार रक्षाबंधन पर हम अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए उन्हें रक्षा सूत्र बाँधते हैं, उसी प्रकार रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर पौधे लगाकर हम धरती माता की रक्षा का संकल्प ले रहे हैं। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख श्रुति सिंहा, महिला प्रकोष्ठ की कोऑर्डिनेटर तथा मिशन की उपाध्यक्ष प्रो. नीलम, प्रो. बृजेश रावत, निदेशक सेठ पद्म चंद संस्थान, प्रो. रणवीर सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, समाज कार्य विभाग, आर.के. त्रिपाठी, असिस्टेंट रजिस्ट्रार; चतुर्भुज तिवारी; डॉ. राजकुमार; डॉ. मनोज गौड़; डॉ. ममता बंसल; डॉ. राजेश कुशवाह; डॉ. रत्न पांडे; डॉ. पूनम वाष्णेय; नीलम शर्मा; हरि कुमारी; डी.के. पांडे; संध्या बघेल; पुरुषोत्तम; सूर्यमणि त्रिपाठी, अजय; उपेंद्र पचौरी उपस्थित रहे।



## केंद्रीय मंत्री ने किडनी ट्रांसप्लांट टीम को किया सम्मानित

**आगरा।** केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने अंगदान को सफलता से अंजाम देने वाली मेडिकल टीम को दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। टीम में डॉक्टर अपूर्व जैन, डॉक्टर मुदित खुराना, डॉक्टर कैरवी भरद्वाज, डॉक्टर प्रशांत लवानिया, डॉक्टर विजय त्यागी, डॉक्टर प्रदीप देव, डॉक्टर अभिषेक पाठक, डॉक्टर योगिता द्विवेदी, डॉक्टर अर्चना अग्रवाल, डॉक्टर राजीव पुरी, डॉक्टर अतिहर्ष मोहन, डॉक्टर प्रवेंद्र पांडे आदि को सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर एस.एन. मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल का हृदय से आभार व्यक्त किया। एसआईसी डॉ ब्रजेश शर्मा, गौरव शर्मा, नवीन गौतम, रोहित कत्याल, डॉ प्रीति भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## डॉलीज पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्राओं ने हेलमेट बांटे



**आगरा।** श्री नेमिरा मेमोरियल सोसाइटी के तत्वावधान में डॉलीज पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा बल्केश्वर चौराहे पर "रक्षाबंधन के अवसर पर हेलमेट वितरण एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। बल्केश्वर चौराहे पर छात्राओं ने राखी बाँधकर भाइयों को सुरक्षा का संकल्प दिलाया और 100 हेलमेट वितरित किए। छात्राओं ने "भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना, हेलमेट पहनकर ही बाहर जाना" के माध्यम से राहगीरों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया। पोस्टर और नुक्कड़ नाटक द्वारा भी यातायात नियमों का महत्व बताया गया। चेयरमैन वी.के. मित्तल ने कहा "बेटियाँ देश की शक्ति हैं। जब बेटियाँ सड़क सुरक्षा का संदेश देंगी तो पूरा समाज जागरूक होगा। हर घर में हेलमेट की आदत डालना जरूरी है।"डायरेक्टर मनीष मित्तल, चेयरमैन रीना जलान, डायरेक्टर डॉ. स्वाति चन्द्रा, प्रधानाचार्या नूपुर सिंघल, नितिन अग्रवाल, आशीष आदि मौजूद रहे।

## बाह विधानसभा के लिए पौने नौ करोड़ की सड़कें स्वीकृत



**आगरा।** विधायक बाह पक्षालिका सिंह ने बताया कि विशेष प्रयासों से बाह विधानसभा क्षेत्र में 8 करोड़ 74 लाख 31 हजार रुपये से ग्रामीण सम्पर्क मार्गों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। बाह विधान सभा में कुल नवनिर्माण सड़क कार्य की स्वीकृत 874.31 लाख रुपए है। इससे हजारों ग्रामीणों को सुगम सुरक्षित यातायात का लाभ मिलेगा। विधायक बाह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट किया है।

## प्रदेशीय सीनियर पुरूष हाकी प्रतियोगिता 6 से अयोध्या में

**आगरा।** खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान 6 से 11 सितम्बर तक अयोध्या में आयोजित होने वाली पं दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली प्रदेशीय सीनियर पुरूष हाकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली आगरा मण्डल सीनियर पुरूष हाकी टीम का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 2 सितम्बर को 11 बजे से तथा मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स 3 सितम्बर को 11 बजे से एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम के हाकी मैदान पर किया जायेगा। इन ट्रायल्स में भाग लेने की प्रविष्टि निःशुल्क हैं। मण्डलीय चयनित टीम प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अयोध्या जायेगी, जिस पर होने वाला समस्त व्यय खेल विभाग द्वारा वहन किया जायेगा।

# खेल, फिटनेस व राष्ट्र निर्माण पर सार्थक संवाद

युवाओं ने सुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन

टीएनएफ टुडे, आगरा।




राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा मेरा युवा भारत के तत्वावधान में आगरा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम का प्रभावशाली आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी उद्बोधन को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं को खेल, फिटनेस, अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली, युवा सहभागिता तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने भारत को खेलों की वैश्विक शक्ति बनाने तथा युवाओं की ऊर्जा एवं प्रतिभा को राष्ट्र की प्रगति में लगाने पर विशेष बल दिया। प्रधानमंत्री के उद्बोधन से आगरा कॉलेज के विद्यार्थियों एवं युवाओं में उत्साह, ऊर्जा और राष्ट्र के प्रति नई प्रतिबद्धता का संचार हुआ। इस मौके पर उत्कर्ष कुमार, जयकिशन रावत एवं स्वर्णा चौधरी तथा स्थानीय खेल प्रतिभा मनन जैन मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सी.के. गौतम, समन्वयक डॉ. पूनम तिवारी, संजय शर्मा, उप-प्राचार्य प्रो. पी.वी. झा, चीफ प्रॉक्टर डॉ. वी.के. सिंह, विक्रम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवम सारस्वत ने किया।

उधर, ह्लखेलो इंडिया संवाद खेल की बात प्रधानमंत्री के साथह्न कार्यक्रम का आयोजन एसएन मेडिकल कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, आगरा डॉ. श्रवण कुमार सहगल ने की।

प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता, शूटिंग स्पोर्ट्स पर्सन डॉ. हिमालय, नीतू चौहान, गीतू सिंह, डॉ. टी.पी.सिंह, अंबर गुप्ता, लोकेन्द्र, विनीत, अजय आदि मौजूद रहे।

## वृद्धावस्था पेंशन धारक आधार से लिंक कराएं बैंक खाता

टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने वृद्धावस्था पेंशन धारकों को अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम किश्त की पेंशन धनराशि सीधे आपके बैंक खातों में स्थानांतरित करने की कार्यवाही निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के स्तर से की जा रही है। पेंशन की धनराशि बिना किसी बाधा के आपके खाते में सुरक्षित पहुँच सके, इसके लिए सभी पेंशन धारक अपने बैंक खाते को आधार कार्ड से तत्काल लिंक करवाएं। बैंक शाखा में जाकर अपने आधार कार्ड नम्बर को अनिवार्य रूप से मैप करवाएं तथा अपने बैंक खाते को संचालित रखें, यानी खाते से छोटा-मोटा लेन-देन (जमा या निकासी) करते रहें। ताकि खाता बंद न हो। यदि खाता आधार से लिंक नहीं है या निष्क्रिय है, तो पेंशन की धनराशि हस्तांतरित होने में समस्या आ सकती है।

## दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण देने के लिए मापन शिविर शुरू

टीएनएफ टुडे, आगरा।

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद में परिषदीय, राजकीय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण एवं यंत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस हेतु एलिम्को, कानपुर के सहयोग से संबंधित विकासखंडों में मापन शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश सिंह ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराने से पूर्व मापन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। इसके लिए विकास खंडवार शिविर निर्धारित किए गए हैं। जगनेर में 27 अगस्त, पिनाहट में 29 अगस्त, बरौली अहीर में 31 अगस्त तथा बिचपुरी में 1 सितंबर 2026 को संबंधित बीआरसी पर मापन शिविर आयोजित होंगे। मापन के उपरांत चयनित एवं पात्र दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जगनेर में 2 नवंबर, पिनाहट में 3 नवंबर, बरौली अहीर में 4 नवंबर तथा बिचपुरी में 5 नवंबर 2026 को वितरण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के अनुसार अपने बच्चों को मापन शिविर में अवश्य लेकर पहुंचें, ताकि बच्चों की आवश्यकता का सही आकलन कर उन्हें उपयोगी सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें।

मापन शिविर में प्रतिभाग करने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए आधार कार्ड की छायाप्रति, दिव्यांग प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। संबंधित विद्यालयों एवं अभिभावकों से शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रक्रिया में सहयोग करने का अनुरोध किया गया है।


**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।

**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com

पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# जर्जर शिक्षा व्यवस्था सबसे बड़ा सवाल

सरकार को अब घोषणाओं से आगे बढ़कर 'राष्ट्रीय सरकारी स्कूल कायाकल्प मिशन' जैसी व्यापक पहल पर विचार करना चाहिए। प्रत्येक स्कूल के लिए शिक्षक उपलब्धता, भवन की सुरक्षा, पेयजल, बिजली, डिजिटल सुविधा, शौचालय, पुस्तकालय, खेल मैदान और सीखने के परिणामों के स्पष्ट मानक तय हों। हर स्कूल का सार्वजनिक डैशबोर्ड हो और हर वर्ष यह बताया जाए कि कितने बच्चे पढ़ना, लिखना और गणित करना सीख पाए। शिक्षक नियुक्ति में पारदर्शिता हो और राजनीतिक हस्तक्षेप पर कठोर अंकुश लगे। स्कूल प्रबंधन समितियों को वास्तविक अधिकार दिए जाएं तथा जिला स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। सबसे जरूरी है कि शिक्षा को राजनीति से ऊपर उठाया जाए। सरकार और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि सरकारी स्कूल किसी पार्टी के नहीं, भारत के भविष्य के स्कूल हैं। यदि किसी राजनीतिक दल को स्कूलों की बदहाली दिखाई देती है तो उसका स्वागत होना चाहिए, लेकिन मुद्दा राजनीतिक श्रेय का नहीं, बच्चों के भविष्य का होना चाहिए। भारत आज वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। एक शिक्षक, टूटती दीवारें और घटते सरकारी स्कूल-क्या शिक्षा के बिना 2047 का सपना पूरा होगा? दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में देश की प्रगति, डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष उपलब्धियां, आधारभूत ढांचे का विस्तार और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव निश्चित रूप से गौरव का विषय हैं। लेकिन इसी चमकदार तस्वीर के पीछे यदि हम सरकारी स्कूलों की ओर देखें तो एक दूसरा भारत दिखाई देता है-ऐसा भारत जहां हजारों बच्चे आज भी पर्याप्त शिक्षकों, सुरक्षित भवन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सवाल यह है कि जिस शिक्षा-व्यवस्था पर विकसित भारत की नींव रखी जानी है, उसकी बुनियाद ही कमजोर होगी तो 2047 का भारत कितना मजबूत होगा? सरकारी आंकड़े इस चिंता को और गंभीर बनाते हैं। यूडीआईएसई प्लस 2024-25 के अनुसार देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक कार्यरत है और इन स्कूलों में करीब 33.77 लाख विद्यार्थी पढ़ते हैं। यानी एक शिक्षक को कई कक्षाओं, अनेक विषयों और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच बच्चों की शिक्षा संभालनी पड़ रही है। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि उन लाखों बच्चों के भविष्य की कहानी है, जिनके लिए सरकारी स्कूल शिक्षा का सबसे सुलभ और कई बार एकमात्र माध्यम हैं।

# भारत की नौकरी, सरकारी सैलरी और देशविरोधी बयान!

भारत में रहकर, भारत की सरकारी व्यवस्था का हिस्सा बनकर और भारतीय करदाताओं के पैसे से वेतन प्राप्त करते हुए अगर कोई व्यक्ति भारत की संप्रभुता को ही चुनौती देता है, तो क्या देश को उसकी इस सोच पर सवाल पूछने का अधिकार नहीं है? देखा जाये तो यह मामला केवल भावनाओं का नहीं, बल्कि तथ्यों और जवाबदेही का भी है। एफसीआई ने जांच के आदेश दिए हैं और यही उचित प्रक्रिया है। किसी भी व्यक्ति को केवल वायरल वीडियो के आधार पर दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा। लेकिन यदि जांच में वीडियो की प्रामाणिकता और संबंधित कर्मचारी की पहचान की पुष्टि होती है, तो संबंधित संस्था को सेवा नियमों और कानून के दायरे में उचित कार्रवाई करनी ही होगी।

वैसे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने उस वीडियो की जांच के आदेश दिए हैं जिसमें कथित तौर पर निगम की एक महिला कर्मचारी भारत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करती नजर आ रही है। निगम ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो के संबंध में वह कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करेगा। माना जाता है कि महिला एफसीआई की प्रबंधक या गुणवत्ता नियंत्रण अधिकारी है। एफसीआई के महाप्रबंधक आई.के. चौधरी ने कहा कि निगम ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या वीडियो में दिख रही महिला, निगम कर्मचारी है और क्या वीडियो क्लिप में सुनाई दे रही आवाज उसी की है। चौधरी ने पत्रकारों से कहा, ''मैं उसका जवाब जानने के लिए कल उसे कारण बताओ नोटिस जारी करूंगा। उसके बाद मामले की पूरी जांच की जाएगी। अगर महिला मान लेती है कि वीडियो उसी का है, या जांच में यह साबित हो जाता है कि वीडियो में वही थी, तो हम उक्त कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।'' चौधरी ने बताया कि निगम अपने सभी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन करवाता है। उन्होंने कहा कि अगर जांच में यह साबित हो जाता है कि महिला एफसीआई की कर्मचारी है और उसी ने ये बातें कही हैं, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, चौधरी ने यह भी कहा कि जांच पूरी होने से पहले यह नतीजा निकालना जल्दबाजी होगी कि वीडियो या उसमें सुनाई दे रही आवाज उसी कर्मचारी की है। जम्मू-कश्मीर को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। वीडियो में कथित तौर पर भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की एक महिला कर्मचारी भारत और जम्मू-कश्मीर को लेकर राष्ट्रविरोधी टिप्पणियां करती सुनाई दे रही है। इस मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर भी यह मामला खासा चर्चा में आ गया है और उस महिला की सोच, उसके तर्क और सरकारी पद पर रहते हुए उसके कथित बयानों को लेकर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

-अनाम

# बदलाव की दहलीज पर आगरा: ताज के साये से विकास के नए क्षितिज तक

> "ागरा की आर्थिक बुनियाद पहले से मजबूत है। यह देश के सबसे बड़े पर्यटन केन्द्रों में शामिल है। जूता उद्योग, संगमरमर की जड़ाई, हस्तशिल्प, कालीन, फाउंड्री, कांच के सामान और पेठा जैसे छोटे-मझोले कारोबार यहां की पुरानी पहचान हैं। शिक्षा क्षेत्र भी फैल रहा है। भौगोलिक स्थिति इसकी बड़ी ताकत है; दिल्ली, जयपुर, ग्वालियर, लखनऊ से सड़क-रेल कनेक्टिविटी शानदार है। यमुना एक्सप्रेसवे और अन्य मार्गों ने यात्रा का नक्शा बदल दिया है।



बृज खंडेलवाल द्वारा

आगरा शायद अब खुद को भी चौंकाने की तैयारी में है। सदियों से यह शहर एक खूबसूरत मगर कठिन दुविधा में जीता आया है। ताजमहल ने आगरा को दुनिया भर में शोहरत दी, लेकिन उसी ताज की हिफाजत के नाम पर औद्योगिक विकास पर तरह-तरह की पाबंदियां भी लगती रहीं। कारखाने शक की निगाह से देखे गए, नए प्रोजेक्ट्स को मंजूरियों के जंगल से गुजरना पड़ा और हर बड़ी योजना फाइलों, समितियों, एनओसी व अदालतों के चक्कर काटती रही।

अब यह तस्वीर बदलती दिख रही है। जुलाई 2026 में सुप्रीम कोर्ट ने ताज ट्रेपेजियम जोन (लगभग 10,400 वर्ग किमी) में दो साल पुराना व्यापक प्रतिबंध हटाया। कोर्ट ने गैर-प्रदूषणकारी सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के करीब 400 लंबित आवेदनों पर टीटीजेड प्राधिकरण को विशेषज्ञ निगरानी (नीरी व सीईसी के प्रतिनिधियों की सहमति) के साथ आगे बढ़ने की अनुमति दी। इससे पर्यावरण मानकों के भीतर स्वच्छ उद्योगों के लिए रास्ता खुला है। विधानसभा चुनाव (अपेक्षित फरवरी-मार्च 2027) से पहले अगले महीने-वर्ष आगरा के इतिहास में निर्णायक साबित हो सकते हैं। कई परियोजनाएं पूरी होने के करीब हैं, अनेक निमार्णाधीन हैं और कई पाइपलाइन में हैं।

असली सवाल विकास और विरासत के बीच संतुलन साधने का है। आगरा को धुआं उगलती चिमनियां नहीं चाहिएं; उसे चाहिए स्वच्छ उद्योग, नई तकनीक, सेवा क्षेत्र, पर्यटन आधारित कारोबार और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग। ताज की हिफाजत भी जरूरी है और आगरा के नौजवानों को रोजगार भी।

आगरा की आर्थिक बुनियाद पहले से मजबूत है। यह देश के सबसे बड़े पर्यटन केन्द्रों में शामिल है। जूता उद्योग, संगमरमर की जड़ाई, हस्तशिल्प, कालीन, फाउंड्री, कांच के सामान और पेठा जैसे छोटे-मझोले कारोबार यहां की पुरानी पहचान हैं। शिक्षा क्षेत्र भी फैल रहा है। भौगोलिक स्थिति इसकी बड़ी ताकत है; दिल्ली, जयपुर, ग्वालियर, लखनऊ से सड़क-रेल कनेक्टिविटी शानदार है। यमुना एक्सप्रेसवे और अन्य मार्गों ने यात्रा का नक्शा बदल दिया है।

सबसे बड़ा बदलाव आगरा मेट्रो ला रही है। ताज ईस्ट गेट से मनकामेश्वर (करीब 6 किमी) प्राथमिक खंड मार्च 2024 से संचालित है। मनकामेश्वर से आईएसबीटी तक ट्रायल और सीएमआरएस निरीक्षण अगस्त 2026 में सफल रहे। कॉरिडोर-1 (सिकंदरा से ताज ईस्ट गेट, 14.25 किमी) नवंबर 2026 में पूर्ण संचालन के लक्ष्य पर है; सिकंदरा से ताज तक यात्रा समय घटकर करीब 28 मिनट रह जाएगा। कॉरिडोर-2 (आगरा कैंट से कालिंदी विहार) पर भी निर्माण तेज है। कभी तांगे-रिक्शे और जाम की पहचान वाला शहर आधुनिक जन परिवहन के युग में प्रवेश कर रहा है।

हवाई अड्डे का नया सिविल टर्मिनल भी उम्मीद जगा रहा है। अगस्त 2026 तक करीब 70 प्रतिशत काम पूरा; 30 नवंबर 2026 तक हैंडओवर का लक्ष्य। क्षमता बढ़कर लगभग 1400 यात्रियों तक पहुंचेगी, मल्टीलेवल पार्किंग, एयरोब्रिज और आधुनिक सुविधाएं होंगी। बेहतर कनेक्टिविटी पर्यटकों को दिल्ली से दिनभर की यात्रा के बजाय दो-तीन दिन रुकने के लिए प्रेरित कर सकती है।

सड़कों पर चौड़ीकरण, फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज, नए पुल और ड्रेनेज योजनाएं शहर की सूरत बदल रही हैं। यमुना पर मेट्रो पुल समेत कई पुलों का काम आगे बढ़ रहा है। ग्रेटर आगरा की टाउनशिप और अटल टाउनशिप योजनाएं भीड़भाड़ वाले पुराने शहर से बाहर विकास फैलाने की कोशिश हैं; कई टाउनशिप में प्लॉट आवंटन प्रक्रिया चल रही है।

शिल्पग्राम के पास यूनिटी मॉल (लगभग 128 करोड़ रुपये) उत्तर प्रदेश के ओडीओपी व जीआई टैग उत्पादों और पारंपरिक हस्तशिल्प को बड़ा बाजार दे सकता है। अगस्त 2026 तक करीब 42 प्रतिशत काम पूरा; नवंबर लक्ष्य है, हालांकि गति पर प्रशासनिक निगरानी बढ़ी है। पर्यटन अब सिर्फ ताजमहल तक सीमित नहीं रहना चाहिए। आगरा किला, फतेहपुर सीकरी, मेहताब बाग, बटेश्वर और ब्रज क्षेत्र मिलकर बड़ा सर्किट बना रहे हैं। हेरिटेज वॉक, होमस्टे और बेहतर सुविधाएं रुकने की अवधि बढ़ा सकती हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज म्यूजियम (पहले मुगल म्यूजियम का नाम बदला गया) तेज गति से तैयार हो रहा है; लक्ष्य 2026 का अंत। कोठी मीना बाजार में शिवाजी स्मारक (50 फुट प्रतिमा, म्यूजियम आदि) पर भी काम आगे बढ़ रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में एसएन मेडिकल कॉलेज को मिनी एम्स स्तर पर विकसित किया जा रहा है: किडनी ट्रांसप्लांट शुरू, क्रिटिकल केयर यूनिट और अन्य ब्लॉक निमार्णाधीन; पूर्ण रूप 2027 तक अपेक्षित। लेडी लॉयल अस्पताल का विस्तार भी चल रहा है। साइंस पार्क व नक्षत्रशाला (लगभग 40 करोड़) भूमि संबंधी बाधाओं के बावजूद आगे बढ़ रहा है। कैलाश मंदिर का कायाकल्प चरणबद्ध तरीके से हो रहा है। हाईकोर्ट बेंच की मांग अभी भी लंबित है और अधिवक्ता आंदोलनरत हैं।

ताज के पास प्रस्तावित बैराज/रबर डैम वर्षों से एनओसी और अध्ययनों में अटका है; बजट आवंटित होने के बावजूद निर्माण शुरू नहीं हुआ। पर्यावरण संबंधी चिंताएं जायज हैं, मगर फाइलों को धूल खाने देना भी संरक्षण नहीं कहलाता। ब्यूरोक्रेसी की सुस्ती विकास की बड़ी बाधा बनी हुई है।

आगरा शहर की आबादी लाखों में है; मेट्रो क्षेत्र अनुमानित 25 लाख से अधिक। तेज बढ़ोतरी ने मकान, पानी, सीवर, सड़क, कचरा प्रबंधन और परिवहन पर दबाव डाला है। समाधान शहर की बढ़त रोकना नहीं, बल्कि समझदारी से बढ़ाना है।

अगले बारह महीने अहम हैं। मेट्रो का विस्तार, एयरपोर्ट टर्मिनल, नई सड़कें-पुल, टाउनशिप, पर्यटन परियोजनाएं और स्वच्छ उद्योगों पर नीतिगत फैसले मिलकर तकदीर बदल सकते हैं। आगरा चौराहे पर खड़ा है; एक रास्ता जाम, प्रदूषण और लालफीताशाही की तरफ; दूसरा स्वच्छ उद्योगों, बेहतर कनेक्टिविटी, रोजगार और आधुनिक विकास की ओर। अगर स्वच्छ उद्योग, आधुनिक बुनियादी ढांचा और पर्यावरण संरक्षण हमसफर बन जाएं, तो आगरा सिर्फ ताज का शहर नहीं, उत्तर भारत का बड़ा विकास केन्द्र बन सकता है।

# विकसित भारत की राह में जर्जर शिक्षा व्यवस्था सबसे बड़ा सवाल

ललित गर्ग

भारत आज वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। एक शिक्षक, टूटती दीवारें और घटते सरकारी स्कूल-क्या शिक्षा के बिना 2047 का सपना पूरा होगा? दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में देश की प्रगति, डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष उपलब्धियां, आधारभूत ढांचे का विस्तार और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव निश्चित रूप से गौरव का विषय हैं। लेकिन इसी चमकदार तस्वीर के पीछे यदि हम सरकारी स्कूलों की ओर देखें तो एक दूसरा भारत दिखाई देता है-ऐसा भारत जहां हजारों बच्चे आज भी पर्याप्त शिक्षकों, सुरक्षित भवन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सवाल यह है कि जिस शिक्षा-व्यवस्था पर विकसित भारत की नींव रखी जानी है, उसकी बुनियाद ही कमजोर होगी तो 2047 का भारत कितना मजबूत होगा? सरकारी आंकड़े इस चिंता को और गंभीर बनाते हैं। यूडीआईएसई प्लस 2024-25 के अनुसार देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक




कार्यरत है और इन स्कूलों में करीब 33.77 लाख विद्यार्थी पढ़ते हैं। यानी एक शिक्षक को कई कक्षाओं, अनेक विषयों और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच बच्चों की शिक्षा संभालनी पड़ रही है। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि उन लाखों बच्चों के भविष्य की कहानी है, जिनके लिए सरकारी स्कूल शिक्षा का सबसे सुलभ और कई बार एकमात्र माध्यम हैं।

निश्चित रूप से तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक भी नहीं है। यूडीआईएसई प्लस के अनुसार 2024-25 में देश में कुल 14.71 लाख स्कूल, करीब 24.69 करोड़ विद्यार्थी और एक करोड़ से अधिक शिक्षक हैं। सरकारी स्कूलों की संख्या 10.13 लाख है, जबकि निजी मान्यता प्राप्त स्कूल करीब 3.40 लाख हैं। सरकार के आंकड़े यह भी बताते हैं कि एकल-शिक्षक स्कूलों की संख्या 2023-24 के 1,10,971 से घटकर 2024-25 में 1,04,125 हुई है और कंप्यूटर सुविधा वाले स्कूलों का अनुपात 57.2 प्रतिशत से बढ़कर 64.7 प्रतिशत हुआ है। इन सुधारों को स्वीकार करना चाहिए, लेकिन इन्हें अंतिम उपलब्धि मान लेना आत्मसंतोष होगा। क्योंकि शिक्षा की असली कसौटी भवन, कंप्यूटर या आंकड़े नहीं, बच्चे की सीखने की क्षमता और उसके भविष्य का निर्माण है।

नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट एक और महत्वपूर्ण तस्वीर सामने रखती है। 2014-15 में देश में 11.07 लाख सरकारी स्कूल थे, जो 2024-25 में घटकर 10.13 लाख रह गए। इसके विपरीत निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या 2.88 लाख से बढ़कर 3.39 लाख हो गई। यह परिवर्तन केवल स्कूलों की संख्या का उतार-चढ़ाव नहीं है, यह अभिभावकों की बदलती पसंद और सरकारी शिक्षा में घटते विश्वास का संकेत भी है। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि जब सरकार के पास भवन है, जमीन है, प्रशिक्षित शिक्षक हैं, वेतन देने की क्षमता है और विशाल प्रशासनिक तंत्र है, तब सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से पीछे क्यों हैं? निजी स्कूलों की आलोचना करना आसान है, लेकिन यह भी देखना होगा कि अभिभावक अपनी सीमित आय में फीस देकर भी निजी स्कूल क्यों चुन रहे हैं। यहां एक कठोर लेकिन सार्थक सुझाव पर विचार होना चाहिए-क्या जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के बच्चों के लिए कुछ निश्चित परिस्थितियों में सरकारी स्कूलों में शिक्षा को प्रोत्साहित अथवा अनिवार्य करने जैसी व्यवस्था बनाई जा सकती है? जब नीति बनाने वाले परिवार स्वयं उसी व्यवस्था का अनुभव करेंगे, तब शायद स्कूल की टूटी खिड़की, बंद शौचालय, शिक्षक की कमी और खराब मिड-डे-मील केवल फाइल की टिप्पणी नहीं रहेंगे, बल्कि व्यक्तिगत अनुभव बन जाएंगे। शिक्षा को केवल मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति, यूनिफॉर्म या मुफ्त पुस्तकों की योजनाओं तक सीमित नहीं किया जा सकता।

ये आवश्यक हैं, लेकिन शिक्षा का उद्देश्य केवल बच्चे को स्कूल तक पहुंचाना नहीं, उसे ज्ञान, विवेक, कौशल, संस्कार और आत्मविश्वास से संपन्न नागरिक बनाना है। जिस बच्चे को आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी, उससे कल विकसित भारत के निर्माण में प्रभावी योगदान की अपेक्षा कैसे की जा सकती है?

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 29 अगस्त 2026 शनिवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज वृष मिथुन सिंह कन्या तुला और कुंभ राशि के जातकों का मानसिक मनोबल और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। शनिवार का दिन न्याय के देवता शनिदेव तथा भगवान हनुमान जी की कृपा प्राप्ति के लिए अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है। आज के दिन शनिदेव को सरसों का तेल समर्पित करने तथा सुंदरकांड का पाठ करने से जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं और सर्वत्र सफलता प्राप्त होती है।

### मेष

आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है परंतु धैर्य बनाए रखने से सफलता अवश्य मिलेगी। आर्थिक मामलों में समझदारी से निर्णय लें और फिजूलखर्ची से बचें। शनिदेव के मंदिर में नीले पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी सभी समस्याएं समाप्त होंगी।

### वृष

आज आपके व्यावसायिक क्षेत्र में विस्तार होगा और नए संपर्क से भविष्य में बड़ा आर्थिक लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी और परिजनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। पीपल के वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं जिससे आपकी तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

### मिथुन

आज आपके रुके हुए सभी महत्वपूर्ण कार्य तेजी से पूर्ण होंगे और मन में अपार उत्साह बना रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा जिससे पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। हनुमान जी को बूंदी का भोग लगाएं जिससे आपका पराक्रम और प्रतिष्ठा बढ़ेगी।




### कर्क

आज यात्रा करते समय विशेष सावधानी बरतें और स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। व्यापारिक निर्णय सोच समझकर लें और किसी पर अत्यधिक भरोसा करने से बचें। बहते जल में काले तिल प्रवाहित करें जिससे आपकी मानसिक चिंता दूर होगी।

### सिंह

आज आपको व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा और आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे और कहीं बाहर घूमने की योजना बन सकती है। सुंदरकांड का पाठ करें जिससे आपके यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

### कन्या

आज प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को कोई शुभ समाचार मिल सकता है। नौकरी में नए अवसर प्राप्त होंगे जिससे मन प्रसन्न रहेगा। निर्धन व्यक्तियों को भोजन कराएं जिससे आपके कार्य में आ रही रुकावटें समाप्त होंगी।

### तुला

आज कला और संगीत से जुड़े जातकों के लिए समय बहुत अनुकूल रहेगा और उनकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा। अचानक धन लाभ होने के प्रबल योग बन रहे हैं। शनि चालीसा का पाठ करें जिससे आपके जीवन में सुख समृद्धि का वास होगा।

### वृश्चिक

आज पारिवारिक संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी और घर का माहौल आनंदमय रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों की सराहना होगी। हनुमान जी के सम्मुख चमेली के तेल का दीपक जलाएं जिससे आपके कष्ट दूर होंगे।

### धनु

आज आपका झुकाव आध्यात्मिक कार्यों की ओर अधिक रहेगा और धार्मिक यात्रा के योग बनेंगे। व्यापार में साझेदारी से बड़ा लाभ संभव है। मस्तक पर चंदन का तिलक लगाएं जिससे आपकी बौद्धिक क्षमता में सुधार होगा।

### मकर

आज आपकी राशि के स्वामी शनिदेव की विशेष कृपा से रुका हुआ धन वापस मिलेगा। करियर में नए आयाम स्थापित होंगे और समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पक्षियों को दाना डालें जिससे आपकी प्रगति के द्वार खुलेंगे।

### कुंभ

आज नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अत्यंत शुभ रहेगा और आप अपनी योजनाओं में सफल होंगे। भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। चींटियों को आटा डालें जिससे आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

### मीन

आज व्यर्थ के विवादों से दूर रहने का प्रयास करें और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। शाम के समय किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न करेगी। काले कुत्ते को रोटी खिलाएं जिससे आपके सभी काम सुगमता से पूरे होंगे।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

शनिवार के दिन भवन के पश्चिम कोण को स्वच्छ रखकर वहां शाम के समय सरसों के तेल का दीपक प्रज्वलित करने से घर की समस्त नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है तथा शनिदेव की कृपा से अखंड समृद्धि और सुरक्षा कवच प्राप्त होता है।

# एकाधिकार नहीं, सर्वसम्मत से कार्य करेगा अग्रवाल शिक्षा मंडल

## हठधर्मिता, गलत निर्णय व आंतरिक आक्रोश के विरोध में मिला है ये व्यापक जनादेश

■ उम्मीद और आशा पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे नवनिर्वाचित पदाधिकारी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



हठधर्मिता, गलत निर्णय व आंतरिक आक्रोश के विरोध में यह जनादेश मिला है। अग्रवाल शिक्षा मंडल के नव निर्वाचित पदाधिकारी को अब जनादेश का पालन कर विगत निर्णय व कार्यों की समीक्षा करनी पड़ेगी। उक्त विचार नगर के वरिष्ठ अग्र-बंधुओं द्वारा विगत दिनों हुए अग्रवाल शिक्षा मंडल के चुनाव में निर्वाचित हुए पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में नवीन अध्यक्ष रजनीकांत चौकसी ने रखे। कहा कि अब एक- अधिकार नहीं सर्व सम्मति से मंडल हित में कार्य किए जाएंगे।

सरस्वती कुंड स्थित होटल में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी की छवि पर दीप जला व माल्यार्पण कर शिक्षा मंडल के पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद्र विसावर वाले, रामलीला सभा के उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, जुगल किशोर अग्रवाल, प्रधानमंत्री मूलचंद गर्ग, बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व उप चैयरमेन अरविंद अग्रवाल एड, व्यापारी नेता शशि भानु गर्ग, समाजसेवी बॉबी हाथी वाले व तिलकद्वार अग्रवाल धर्मशाला समिति के पूर्व अध्यक्ष धनेश मित्तल द्वारा शुभारंभ किया गया।

उपस्थित शिक्षा मंडल के नव निर्वाचित अध्यक्ष रजनीकांत चौकसी, मंत्री मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चौधरी सचिन अग्रवाल, इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यक्ष नितिन मित्तल, ब्रज चिकित्सा संस्थान के उपाध्यक्ष उमेश जुगसना, कोषाध्यक्ष राजेश गर्ग, नर्सिंग कॉलेज के उपनिदेशक राजीव अग्रवाल, चुनाव अधिकारी राजीव चौकसी, मनीष लोहे वाले व कार्यकारी सदस्य उमेश अग्रवाल एड, विमल अग्रवाल, माधव अग्रवाल हाथी वाले का उपस्थितों द्वारा दुशाला, पटका, हार व पुष्पगुच्छा भेंट कर स्वागत किया। वहीं चुनाव प्रबंधन के लिए समाजसेवी गिरधारी लाल अग्रवाल का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित नव निर्वाचित शिक्षा मंडल के मंत्री मनोज अग्रवाल ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ आक्रोश की परिणिति में हम सभी भारी बहुमत से चुनाव जीते हैं। अब प्रथम कार्य जिन विषयों व निर्णय की प्रति आम सदस्यों में नाराजगी है, उन्हें सुधारना व गलतियों से सीख लेकर सभी को साथ लेकर चलना हमारी प्राथमिकता होगी।

बीएसए इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी कॉलेज के नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन मित्तल ने कहा कि जिस उम्मीद व आशा के साथ हमें चुना गया है, उन पर खरा उतरना हमारी जिम्मेदारी होगी। अधिक से अधिक सेवा कार्यों से समाज का भला हो सके, यह प्रयास करना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चंद्रमोहन अग्रवाल, गोकुलचंद्र सराफ, मुकेश अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, बादल अग्रवाल, गिरधारी लाल अग्रवाल, तरुण विसावर वाले, रजनीश चौधरी, पीयूष जैन, लोकेश तायल, पुनीत अग्रवाल, संदीप चौधरी, प्रशांत अग्रवाल, टीटू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अग्रवाल सभा के पूर्व संगठन मंत्री तथा व्यापारी नेता शशिभानु गर्ग द्वारा व धन्यवाद समाजसेवी बॉबी हाथी वाले द्वारा व कार्यक्रम का संयोजन गिरधारी लाल अग्रवाल द्वारा किया गया।

# आंवला सुल्तानपुर में कीचड़ के दलदल में अर्थी ले जाते ग्रामीण फंसे

■ ट्रैक्टर ट्रॉली को धक्का देकर कीचड़ से होकर निकाला

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फरह।



ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूरी पर बसा गांव आंवला सुल्तानपुर विकास और तकनीकी के इस दौर में भी पुराने जमाने के दौर में ले जा रहा है। पंचायतों को स्वायत्तशासी बनाने के शासन के प्रयास यहां लंगड़े नजर आ रहे हैं। आजादी को सत्तर दशक गुजर गए , इस गांव को देख कर कोई नहीं कह सकता। हाइवे से पांच किमी दूरी पर बसा यह गांव वैसे तो कोई खास ज्यादा आबादी समेटे हुए नहीं है। हाइवे से गांव का रास्ता साफ सुथरा और डामर का है। कार भी सरपट दौड़ती चली जाएगी। सड़क को देखकर ही विकास के दावे भरे जाये तो अलग बात हो सकती है। गांव के अंदर का नजारा किसी नरक से कम नहीं है। प्रवेश करते ही पांच सौ मीटर का रास्ता पूरी तरह दलदल में बदल गया है। डेढ़ फीट कीचड़ का दलदल वाहनों के पहियों को ही नहीं थाम रहा, गुजरते लोगो के पैरों को भी जकड़ रहा है। फिसल कर ग्रामीण कीचड़ से टयून मिला रहे हैं। बीते दिन 70 वर्षीय रामबीर की मौत हो गई। अर्थी कीचड़ में फंस गई। फिर ग्रामीण रास्ता बदलकर अर्थी को श्मशानघाट तक ले गए। प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार ने बताया कि पंचायत के पास कोई बजट इस समय नहीं है। गांव से शिवमन्दिर, आरआरसी सेंटर, पंचायत घर और श्मशान घाट पहुंचने के लिए आधा किलोमीटर तक गहरी कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार स्थानीय विधायक को भी शिकायत की है। डीएम को भी गिला किया गया है। लेकिन किसी भी रहनुमा की नजर ग्रामीणों की गहरी होती पीर की ओर नहीं जा रही है। वोट मांगवे तो नेता गाम में आमटे ....एक ग्रामीण ने इस बीच कमेंट भी कस दिया।

# नेशनल हाईवे के ब्लैक स्पाट सुधारने की प्रक्रिया में बदलाव पर जोरः गोकर्ण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



■ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन रमेश गोकर्ण का हुआ स्वागत

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन रमेश गोकर्ण ने नेशनल हाईवे के ब्लैक स्पाट सुधारने की प्रक्रिया में बदलाव पर जोर दिया है। बोर्ड ने अधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने कर उन पर काम करने का सुझाव दिया है। इस बिंदु पर मिशन मोड पर काम होगा।

बृहस्पतिवार को इस संवाददाता से बातचीत में गोकर्ण ने बताया कि देश में प्रतिवर्ष लगभग पांच लाख सड़क हादसे होते हैं, जिनमें करीब 1.80 लाख यात्रियों की मृत्यु होती है, जबकि लगभग चार लाख लोग गंभीर रूप से घायल होते हैं। इससे भी चिंताजनक तथ्य यह है कि हादसों और मौतों का आंकड़ा प्रतिवर्ष बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी खुद भी इस बाबत निराशा जता चुके हैं कि दुर्घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। सड़क सुरक्षा बोर्ड सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पर काम करेगा। यातायात नियमों का सख्त बनाया जाएगा। सड़क सुरक्षा मानकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने की दिशा में काम करने के साथ देश में कम से कम सड़क दुर्घटनाएं हों। देश में सड़क हादसों में हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं। इन दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य के साथ बोर्ड कार्य कर रहा है।

गोकर्ण ने बताया कि यही कारण है कि पिछले दिनों राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित राज्यों के अधिकारियों और सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ एनएचएआइ मुख्यालय में बैठक की तो वर्तमान व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होने बताया कि ब्लैक स्पाट सुधार की जो सतत प्रक्रिया है, वह इसी तरह चलेगी। उसके साथ ही हर क्षेत्र में कम से कम दस-दस ऐसे बिंदु छांटें, जहां सबसे अधिक सड़क हादसे होते हैं। कहा कि इन्हें सूचीबद्ध कर प्राथमिकता तय करें और समयबद्ध रूप से इनका निवारण करना चाहिए। इससे दुर्घटनाओं की संख्या कम हो सकती है। इस प्रक्रिया को चरणवार भी लागू किया जा सकता है। जैसे कि दस अधिक गंभीर स्पाट को ठीक करने के बाद उनसे कुछ कम श्रेणी के बिंदु चिन्हित करें। वर्तमान में 13 हजार से ज्यादा ब्लैक स्पाट हैं। इनमे से लगभग पांच हजार स्पाट को ठीक किया जा चुका है। अगर किसी सड़क के 500 मीटर के दायरे में लगातार तीन साल पांच दुर्घटनाएं होती हैं तो उसे ब्लैक स्पाट माना जाता है। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिओम गुप्ता, अग्रवाल सभा पूर्व अध्यक्ष सुभाष गोयल, अंकित गुप्ता आदि ने स्वागत किया।

# मथुरा में खूंखार सियार की दहशत, जरारा में बच्ची को घसीटकर ले गया, तीन दिन में छह को नोंच डाला

**मथुरा**। सुरीर गांव जरारा में गुरुवार सुबह खेत पर जा रही एक बच्ची पर अचानक खूंखार सियार ने हमला बोल दिया। सियार ने बच्ची के हाथ को अपने जबड़े में भर लिया और घसीटकर ले जाने लगा। बालिका की चीख पुकार सुन ग्रामीणों ने सियार की घेराबंदी की तो वह छोड़कर भाग गया। सियार के हमले से ग्रामीण दहशत में आ गए हैं। तीन दिन में सियार आधा दर्जन लोगों पर हमला कर चुके हैं। सुरीर के गांव जरारा में एक सियार पागल हो गया है। वह खेतों की जा रहे लोगों पर हमला कर रहा है। सियार के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गुरुवार सुबह सात बजे जरारा निवासी ओंकार सिंह की 11 वर्षीय बेटी राधिका खेत की ओर जा रही थी। तभी ज्वार के खेत से निकल कर आए सियार ने बालिका पर हमला कर दिया। बालिका के हाथ को अपने जबड़े में दबाकर वह खेत के अंदर खींचकर ले जाने लगा। बालिका की चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों उसकी घेराबंदी में जुटे तो वह बालिका को छोड़कर भाग गया। ग्राम प्रधान गुलाब सिंह ने बताया, गांव में पिछले तीन दिन के अंदर सियार ने खेतों और गांव के बाहर काम करने जा रहे हेमंत, वीरेंद्र, सतेंद्र, आचारी, बबिता और बौबी समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों को घायल कर दिया है। बालिका समेत अन्य घायलों को पीएचसी पर उपचार के बाद एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाए गए। सियार के लगातार हमले से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है और वह खेतों की ओर जाने से डर रहे हैं। ग्राम प्रधान समेत ग्रामीणों ने वन विभाग से खूंखार सियार को पकड़ने की मांग की है।



## जैन इंटर कॉलेज में मेहंदी, राखी एवं थाली सजाओ प्रतियोगिता

टीएनएफ टुडे, **मथुरा**। जैन इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। छात्राओं ने मेहंदी रचाओ, राखी एवं थाली सजाओ प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी कला, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। छात्राओं की रचनात्मकता, कलात्मक कौशल और उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति के आदरणीय रजनीश जैन एडवोकेट, अवनीश जैन जएवं समस्त परिवार, विद्यालय के प्रधानाचार्य निखिल अग्रवाल, विभा पांडे मैडम, मनीषा जैन, डी.के. सिंह, अनुपम गुप्ता, गुंजन चौबे एवं गोपाल प्रसाद सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम का वातावरण हर्ष, उल्लास और उत्साह से भर गया। छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से रक्षाबंधन पर्व की सुंदर सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की और विद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया।

## पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर नौनिहालों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



टीएनएफ टुडे, **बलदेव (मथुरा)**। विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर के छात्र छात्राओं ने रक्षाबंधन का पावन पर्व एक अनोखे और प्रेरणादायी अंदाज में मनाया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम विद्यालय शिक्षक परिवार ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर वृक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन कर पेड़ों को रक्षा सूत्र रूपी राखी बांधकर उनकी आजीवन रक्षा करने और पर्यावरण संरक्षण का अटूट संकल्प लिया। यथार्थ में वृक्षाबंधन कार्यक्रम सिर्फ एक प्रतीकात्मक रस्म नहीं, बल्कि एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव है, जिसमें छात्राएं पेड़ों को भाई की तरह मानती हैं और उनकी रक्षा का संकल्प लेती हैं। इस अवसर पर छात्रों ने पेड़ों को अपना सच्चा मित्र बताते हुए समाज को यह संदेश दिया कि प्रकृति की रक्षा करना हम सभी का प्राथमिक कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. जगदीश पाठक ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। यदि हम आज इन पेड़ों की रक्षा करेंगे, तो कल ये पेड़ हमें शुद्ध वायु, जल और सुरक्षित भविष्य प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में बच्चों ने पर्यावरण जागरुकता से जुड़ा बैनर हाथों में लेकर सभी से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर गीता सक्सेना, ममता रानी, अचल कुमार, प्रेमचंद आदि की उपस्थिति मुख्य रही।

# दुर्घटना को न्यौता देते अवैध रूप से चलते गेस्ट हाउस

हरी मोहन रावत,

■ तीज एवं त्योहारों के दृष्टिगत हो रही खानापूर्ति
■ जिला प्रशासन ने जो सील किए वह भी चल उठे

मथुरा। इसी साल 22 जून को लखनऊ के कोचिंग इंस्टीट्यूट में लगी आग ने 15 दीपक बुझा दिए थे। इसी को दृष्टिगत जनपद में भी जिला प्रशासन ने मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी। हर दिन एमवीडीएम एवं सिटी मजिस्ट्रेट ने मथुरा से वृंदावन में कोचिंग, गेस्ट हाउस एवं होटलों में ताबड़तोड़ छापे मारे और बहुतों को सील किया। क्यों सील किया ये उस समय तो जिला प्रशासन ने बताया कि मानक पूरे नहीं मिले।

मजे की बात यह है कि इसी प्रकरण को आरटीआई के तहत मांगे जाने पर जिला प्रशासन आंख मिचौली खेलने लगा है। चार जुलाई को लगाई गई एक आरटीआई में जिला प्रशासन सूचना नहीं दे सका। एक माह बाद अपील को भी एमडीएम प्रशासन हवा में उड़ा रहे हैं। आरटीआई में जो सूचना मांगी गई थी, उसमें यह था कि सिटी मजिस्ट्रेट ने टीम के साथ मथुरा एवं वृंदावन के कितने कोचिंग, गेस्ट हाउस एवं होटल सील किए। वृंदावन में होम स्टे, गेस्ट हाउस आदि किन मानकों पर खरे नहीं उतरे। एक अन्य सूचना में यह भी मांग की गई है कि यमुना खादर यानी कि डूब क्षेत्र में कितने गेस्ट हाउस, धर्मशाला एवं आश्रम चल रहे हैं। बात यहीं आकर अटक रही है। जिला प्रशासन के सूत्र ही बता रहे हैं कि कुछेक को छोड़कर सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में सेवानिवृत्त बाबू की सहायता से सभी को सील मुक्त कर दिया गया। यही कारण है कि सूचना देने में महीनों लगाकर अपील को भी टालना चाहते हैं। बीएसए कॉलेज के पास सील्ड कोचिंग इंस्टीट्यूट खुल चुके हैं। वृंदावन के भी अधिकांश गेस्ट हाउस की सील खोली जा चुकी है।

ऐसा लग रहा है कि लखनऊ की पुनरावृत्ति कराने की बाट जोही जा रही है। वर्तमान में चल रहे त्योहारी सींजन में भीड़ का रेला बढ़ रहा है। ऐसे में मानक विहीन होम स्टे, गेस्ट हाउस, होटल साथ में कोचिंग इंस्टीट्यूट सरकार की जीरो टालरेंस नीति को ठेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं। इस संबंध में एडीएम प्रशासन से उनके मोबाइल पर मैसेज भेजकर वर्जन का प्रयास किया तो समाचार लिखे जाने तक नहीं मिल सका।

# अधिवक्ताओं ने की यूजीसी के इक्विटी नियमों पर पुनर्विचार की मांग

## राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजकर व्यापक समीक्षा की अपील

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




अधिवक्ताओं ने एक वर्ग ने गुरुवार को जिलाधिकारी मथुरा के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा। इस ज्ञापन में उच्च शिक्षा व्यवस्था में समानता, निष्पक्षता, सामाजिक सौहार्द और सभी वर्गों के अधिकारों के संरक्षण की अपील की गई है। अधिवक्ताओं का यह वर्ग विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के वर्ष 2026 के समानता और भेदभाव रोकने संबंधी नियमों पर पुनर्विचार की मांग कर रहा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि उच्च शिक्षा व्यवस्था संविधान में निहित समानता, गरिमा और समान अवसर के सिद्धांतों पर आधारित होनी चाहिए। अधिवक्ताओं ने भेदभाव, जातिगत उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। यह भी कहा कि नियम बनाते समय सभी पक्षों के अधिकारों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि वर्ष 2026 के समानता संबंधी नियमों की व्यापक और निष्पक्ष समीक्षा की जाए। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से सुझाव लेने का आग्रह किया। ऐसे प्रावधानों को लागू न किया जाए, जिनसे किसी निर्दोष व्यक्ति या किसी वर्ग के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की संभावना उत्पन्न हो। ज्ञापन में उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति, धर्म, लिंग और आर्थिक स्थिति सहित किसी भी आधार पर होने वाले वास्तविक भेदभाव के खिलाफ निष्पक्ष शिकायत निवारण व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और जिलाधिकारी मथुरा को भी भेजी गई है।

# अप्रवासी भारतीयों ने शिकागो में निकाली तिरंगा यात्रा

## एफआईए के बैनर तले हुआ आयोजन, अप्रवासी भारतीयों ने लगाये देशभक्ति के नारे

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।




■ अप्रवासियों के दिलों में बसा है भारत, निभा रहे सनातनी परम्परा: देवकीनंदन महाराज

भारत में स्वतंत्रता दिवस का उत्साह भले ही थम गया हो लेकिन भारत से बाहर रह रहे भारतीय अपने देश के प्रमुख आयोजन को अब भी सैलीब्रेट कर रहे हैं । शिकागो में फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोशिएसन (एफआईए) के बैनर तले एनआरआई परिवारों ने स्वंतत्रता दिवस सप्ताह के अंत में देशभक्तिपूर्ण तिरंगा यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि वृन्दावन के भागवत प्रवक्ता देवकीनंदन महाराज के साथ भारतीय परिवारों ने राष्ट्रगान गाया। शिकागो में भारत की आध्यात्मिक परंपरा और देशभक्ति का ऐसा रंग देखने को मिला, जिसने हजारों किलोमीटर दूर बसे भारतीयों को अपनी मातृभूमि से जोड़ दिया। तिरंगा यात्रा में विभिन्न झाँकियों के अलावा लोग भारत माता की तस्वीर के साथ भगतसिंह, विवेकानंद, वीर शिवाजी महाराज, सरदार बल्लभ भाई पटेल जैसे महापुरूषों की तस्वीरें अपने साथ लाये थे।

कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीयों के दिलों में भारत बसा हुआ है । वे अपनी संस्कृति, परंपराओं और भारत के प्रति प्रेम को आज भी मजबूती से संभाले हुए हैं । श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम, भक्ति, धर्म और कर्म का संदेश देने वाले देवकीनंदन ठाकुर ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग से भर दिया । फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशंस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई प्रमुख लोग भी मौजूद रहे। शिकागो स्थित इजरायल के कॉन्सुलेट जनरल एलाद स्ट्रोमायर, एफआईए के संस्थापक अध्यक्ष हेमंत पटेल, निदेशक संजय वोरा समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने समारोह में हिस्सा लिया।

## नेपाल जल त्रासदी पीड़ितों की रक्षा को अखंड महामृत्युंजय जाप



टीएनएफ टुडे, **मथुरा**। नेपाल और तिब्बत में आई भीषण प्राकृतिक आपदा एवं जल त्रासदी में फंसे श्रद्धालुओं की कुशलता और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए वृंदावन के सनातन संस्कार धाम आनंद वाटिका में विशेष धार्मिक अनुष्ठान शुरू किया गया है। आचार्य रामविलास चतुवेर्दी के नेतृत्व में 21 ब्राह्मणों द्वारा अखंड शिव अभिषेक एवं महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जा रहा है। 26 अगस्त से प्रारंभ हुए इस अनुष्ठान में भगवान पशुपतिनाथ, महाकाल और काशी विश्वनाथ से प्रार्थना की जा रही है कि नेपाल की जल त्रासदी में मलबे में फंसे लोगों की सकुशल रक्षा हो तथा आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जन-धन की हानि कम हो। आचार्य रामविलास चतुवेर्दी ने बताया कि मानसरोवर यात्रा पर गए अनेक श्रद्धालु इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। ऐसे कठिन समय में वैदिक अनुष्ठान के माध्यम से समस्त मानवता की रक्षा, मृतकों की आत्मा की शांति और गंडकी नदी के तटवर्ती नेपाल एवं बिहार सहित प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के कल्याण की कामना की जा रही है। अनुष्ठान के दौरान निरंतर महामृत्युंजय मंत्र का जाप, रुद्राभिषेक और विशेष पूजन जारी रहेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी सहभागिता कर विश्व कल्याण की प्रार्थना कर रहे हैं।

# करहल में हर्षोल्लास से निकला बारह वफात का जुलूस, दिखी हिंदू-मुस्लिम एकता





टीएनएफ टुडे ब्यूरो, करहल।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर गुरुवार को करहल नगर में बारह वफात का जुलूस मोहम्मदिया बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान नगर में गंगा-जमुनी तहजीब और हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली।

जुलूस का शुभारंभ मोहल्ला सराय से हुआ। इसके बाद जुलूस मोहल्ला खेड़ा, आजाद हिंद इंटर कॉलेज, बजरिया, सुभाष गेट, मोहल्ला काजी, सब्जी मंडी, चूना वाली गली और मोहल्ला मनिहारान होते हुए वापस मोहल्ला सराय पहुंचा, जहां जुलूस का समापन किया गया।

जुलूस के दौरान विभिन्न स्थानों पर हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। जगह-जगह लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का परिचय देते हुए स्वागत-सत्कार किया। पुष्प वर्षा के बीच नगर का माहौल उत्साह और भाईचारे से सराबोर नजर आया।

समाजसेवी मिर्जा अकील बेग ने जुलूस के दौरान समाज के प्रतिष्ठित लोगों और मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं का फूल मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत और सम्मान किया। उन्होंने कहा कि करहल की पहचान आपसी प्रेम, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब से है। सभी धर्मों के लोगों को मिल-जुलकर त्योहार मनाने चाहिए और समाज में शांति एवं सौहार्द का संदेश देना चाहिए।

जुलूस में डॉ. प्रवीण सक्सैना, अवधेश दुबे राजा साहब, सभासद शैलेंद्र जैन, प्रशांत शाक्य, पूर्व सभासद जमील कुरैशी, पूर्व सभासद अब्दुल कलाम, रफीक, फूल सिंह कठेरिया, बब्लू जाटव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जुलूस के दौरान लोगों ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सद्भाव का संदेश दिया।

## उ.मा. विद्यालय हरिनगर उरमुरा में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर छात्राओं द्वारा स्कूल के साथी छात्रों एवं शिक्षा देने वाले अध्यापकों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। छात्रों द्वारा बहन रूपी छात्राओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया । प्रधानाचार्य डॉक्टर सहदेव सिंह चौहान ने कहा कि रक्षाबंधन के इस त्यौहार पर बहिनों द्वारा छात्र भाइयों को राखी बांधी गई है । उन्होंने कई पौराणिक उदाहरण देकर रक्षाबंधन के महत्व को समझाया। राखी बांधने वाली सभी बहनों को प्रधानाचार्य द्वारा गिफ्ट दिए गए । इस मौके पर राजेश कुमार, सुनील कुमार, संतोष कुमार, योगेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रावली देवी, राखी माथुर, नूरजहां, निशा शर्मा, राधा, नाज, शिवा बघेल, किरण, ऋचा , कंचन जादोन, रागिनी राजपूत, लक्ष्मी, रागिनी, सौम्या जादोन, वैशाली पाठक, वैष्णवी पाठक, साबिया, श्रष्टि सारस्वत आदि छात्र छात्राये मौजूद थे।

# सेंट जोशेफ वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, करहल।



सेंट जोशेफ वर्ल्ड स्कूल करहल के बच्चों ने रक्षाबंधन का पर्व उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर राखियां तैयार कीं और करहल के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में पहुंचकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का संदेश दिया।

इसी क्रम में विद्यालय के बच्चे करहल कोतवाली परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने थानाध्यक्ष प्रदीप पांडेय, कैलाश बाबू सहित पुलिसकर्मियों को राखियां बांधीं। पुलिसकर्मियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान और उनके द्वारा समाज की सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

इसके बाद बच्चे डाकघर परिसर में भी पहुंचे और वहां कर्मचारियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। बच्चों द्वारा स्वयं तैयार की गई राखियों ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। इस दौरान बच्चों ने भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के महत्व को समझाया।

विद्यालय की ओर से बच्चों ने देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवानों के लिए भी राखियां भेजीं। बच्चों ने कहा कि सीमा पर तैनात जवान देश की रक्षा के लिए अपने परिवार से दूर रहकर कर्तव्य निभाते हैं। उनके प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करने के उद्देश्य से राखियां भेजी गई हैं।

इस अवसर पर नवनीत यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, सुरक्षा और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करने वाला पर्व है। बच्चों द्वारा अपने हाथों से राखियां बनाकर पुलिसकर्मियों, सरकारी कर्मचारियों और सेना के जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त करना सराहनीय पहल है।

कार्यक्रम में संस्कृति दीक्षित, यशिका यादव, निहारिका पारासर सहित विद्यालय के अन्य बच्चे मौजूद रहे। बच्चों के इस प्रयास की लोगों ने सराहना की और उन्हें रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं।



## जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद, सफाई करने पहुंचे व्यक्ति से मारपीट

करहल। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला कंस में जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित सर्वेश कुमार पुत्र किताब सिंह ने करहल थाने पहुंचकर नामजद लोगों पर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार वह गुरुवार सुबह करीब सात बजे अपने मकान की साफ-सफाई करने के लिए पहुंचा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के अनुज, विजय सिंह और शारदा देवी वहां पहुंच गए और जमीन को लेकर विवाद करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि नामजद आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। सर्वेश कुमार ने पुलिस को बताया कि विवादित जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप है कि आरोपियों द्वारा उसके मकान के दरवाजे के सामने ईंटें डालकर रास्ते व जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। घटना के बाद पीड़ित करहल थाने पहुंचा और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी देते हुए नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने जमीन पर कब्जे के प्रयास को रोकने तथा मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर लेकर अपनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# विधायक प्रतिनिधि यतेन्द्र वर्मा ने लगाया जनता दरबार



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अमांपुर।

विधायक प्रतिनिधि यतेन्द्र वर्मा ने गुरुवार को अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर पार्टी कार्यकताओं एवं क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर उनके समाधान करने को निर्देशित किया गया। साथ ही लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। विधायक प्रतिनिधि यतेन्द्र वर्मा ने कहा कि लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होने क्षेत्र की समस्याओं का क्षेत्र में ही समाधान हो उसके लिए कस्बा में अपने कैंप कार्यालय पर जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निस्तारण का निर्देश दिया। सर्वाधिक समस्याएं पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य, तालाब, विकलांग पेंशन, हैंडपंप, पेयजल, मनरेगा, सफाई, आवास, विधुत संबधी समस्याओ? के अलावा अन्य विभागों से जुड़ी रही।

# भोगांव में पहली बार निकलेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की विशाल यात्रा

## 4 सितंबर को होगा भव्य आयोजन, सर्व समाज के लोग होंगे शामिल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, करहल/मैनपुरी।



भोगांव में पहली बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सर्व समाज के सहयोग से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम के आयोजकों ने गुरुवार को करहल पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

आयोजकों के अनुसार, 4 सितंबर को होने वाली विशाल यात्रा की शुरूआत भोगांव की बेबर चुंगी स्थित पुरानी आलू मंडी से होगी। इसके बाद यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी और बांके बिहारी मैरिज होम पर पहुंचकर इसका समापन किया जाएगा। यात्रा के समापन के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए कई ग्राम प्रधानों और समाज के लोगों ने मिलकर जिम्मेदारी संभाली है। आयोजन का उद्देश्य सर्व समाज को एकजुट करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाना है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय यादव, संयोजक कुलदीप यादव, प्रभारी अन्नू यादव और कोषाध्यक्ष राजू यादव ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शोभायात्रा में शामिल होने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

इस दौरान प्रधान कुलदीप यादव, अन्नू यादव, करू यादव, राजू यादव, अमित यादव, हंटू यादव, ईशू यादव, कौशल यादव, अतुल यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन सभी समाज के लोगों के सहयोग से किया जा रहा है और इसे यादगार बनाने के लिए हर स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

## एसएन पब्लिक स्कूल में राखी प्रतियोगिता का आयोजन



टीएनएफ टुडे, अमांपुर। कस्बा के एसएन पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्राओं के बीच राखी बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिससे स्कूल की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सूंदर राखियों पारंपरिक डिजाइनों से अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। यह प्रतियोगिता स्कूल में संचालित रेड, ग्रीन, ब्लू और यलो हाउस के बीच हुई। जिसमें प्रथम स्थान पर रेड हाउस, द्वितीय स्थान पर यलो हाउस एवं तृतीय स्थान पर ब्लू हाउस ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। इसका निर्णय प्रधानाचार्य कुलदीप यादव ने किया। डा. गीता वर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में आत्मविश्वास आता है। राखी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं को प्रबंधक डॉ भगवान सिंह राजपूत, गीता राजपूत, डायरेक्टर पंकज राजपूत, सुमन राजपूत ने पुरस्कृत किया।

# जवाहर ज्योति अनुज पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने सीखे लघु शोध के तरीके

**32वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के नामांकन को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, सिरसागंज।



भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद श्रीमती मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में जवाहर ज्योति अनुज पब्लिक स्कूल, सिरसागंज में 32वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के नामांकन को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन विद्यालय के प्रबंधक संजय शर्मा एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में हुआ।

जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वर्ष प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय ह्यसाइंस एंड इनोवेशन फॉर सस्टेनेबिलिटीह्व है। इसमें किसी मॉडल का निर्माण नहीं करना है, बल्कि विद्यार्थियों को लघु शोध के माध्यम से अपने विषय पर अध्ययन एवं कार्य करना होगा। इसमें 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को निर्धारित लिंक पर पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद विद्यार्थी अपने लघु शोध के विषय का चयन कर उस पर कार्य प्रारंभ करेंगे। उन्होंने जनपद के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील की कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण कराकर उन्हें इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें, जिससे उनमें लघु शोध की प्रवृत्ति विकसित हो सके।

विद्यालय के प्रबंधक संजय शर्मा ने अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज अवस्थी, जतिन सिंह, नेहा सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## यंग स्कॉलर्स में बच्चों ने बनाई रंग बिरंगी राखियाँ, दिखा उत्साह

शिकोहाबाद। गुरुवार को यंग स्कॉलर्स एकेडमी में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के ' ग्रीटिंग कार्ड ' तथा तरह-तरह की रंग बिरंगी राखियाँ बड़े उत्साह के साथ बनाई गईं। रक्षाबंधन के इस पवित्र अवसर पर भाई-बहन के प्रेम और सम्मान के प्रतीक पर्व पर विभिन्न प्रकार के रंगों से युक्त भिन्न-भिन्न प्रकार की राखियाँ बड़ी उमंग के साथ तैयार की गई, मनमोहन राखियों को देखते ही बनता था। विद्यालय के निदेशिका ईशा आहूजा ने ग्रीटिंग कार्ड एवं राखियाँ देखकर सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों में भी हर्षोल्लास के साथ शामिल होना चाहिए। इससे निश्चित रूप से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। प्रबंधक डॉ संजीव आहूजा ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसी प्रकार भाई-बहन के प्रेम की मयार्दा का पालन करते रहें। कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण मौजूद रहे। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पीएमश्री विद्यालय कुड़ी के स्काउट गाइड के बच्चों को बांटी गई ड्रेस

**बीएसए ने अपने हाथों से वितरित की बच्चों को स्काउट ड्रेस**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

आज गुरुवार को पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कुड़ी, विकासखंड खैरगढ़ में स्काउट-गाइड गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्काउट ड्रेस वितरण विनीता चौधरी ( जिला गाइड कैप्टन ) के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार द्वारा विद्यालय के स्काउट विद्यार्थियों को स्काउट ड्रेस वितरित की गई। इस अवसर पर कक्षा 8 की छात्राओं श्रेया रावत एवं सोनाक्षी, कक्षा 7 के छात्रों मित्रजीत एवं शिवम तथा कक्षा 6 के छात्रों गगन, आरव एवं प्रांशु को स्काउट ड्रेस प्रदान की गई । कार्यक्रम के दौरान छात्रा श्रेया रावत एवं सोनाक्षी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार तथा जिला गाइड कैप्टन विनीता चौधरी को राखी बांधकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य आनंद बाबू ने सभी का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद बाबू ने कहा कि स्काउट-गाइड गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा, सहयोग, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कहा गया कि स्काउट-गाइड गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थी समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# सफलता का मार्ग अधिकारियों के साथः आईआरएस सुनीति यादव ने छात्राओं को दिया कैरियर मार्गदर्शन

## प्रशासनिक, पुलिस, चिकित्सा एवं सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के बताए रास्ते

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

"सफलता का मार्ग अधिकारियों के साथ" श्रृंखला के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नसीरपुर, शिकोहाबाद में आईआरएस सुनीति यादव ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, चिकित्सा सेवा, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों और सफलता के लिए आवश्यक तैयारियों की जानकारी दी।

आईआरएस सुनीति यादव ने कहा कि युवाओं को अपने मार्ग में आने वाली छोटी-मोटी कमियों और अवसरों की कमी को कभी बड़ा नहीं बनने देना चाहिए। यदि किसी खेल या प्रतियोगिता में अवसर, पुरस्कार अथवा तत्काल सफलता नहीं मिलती है तो इसका अर्थ यह नहीं है कि प्रयास करना छोड़ दिया जाए। सफलता और असफलता से परे निरंतर आगे बढ़ने के लिए आंतरिक प्रेरणा बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि किसी परीक्षा या खेल में मनचाहा परिणाम न मिलने पर तैयारी छोड़ने के बजाय अपनी कमियों को पहचानकर उनमें सुधार करना चाहिए और नए उत्साह के साथ पुनः प्रयास करना चाहिए।



निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और सही दिशा से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय दिया और अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों तथा अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा की। छात्राओं से संवाद करते हुए सुनीति यादव ने कहा कि जब बेटियां आगे बढ़ती हैं तो बहुत खुशी होती है। उन्होंने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे किसी भी क्षेत्र में स्वयं को कम न समझें और आत्मविश्वास के साथ अपनी शिक्षा एवं सपनों की दिशा में आगे बढ़ें।

उन्होंने कहा कि लगन और मेहनत से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। छात्राओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि लिंग भेद को कभी भी अपनी प्रगति में बाधा न बनने दें और अपनी प्रतिभा व क्षमता के बल पर आगे बढ़ते रहें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कैरियर से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया और अपने भविष्य को लेकर नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का अनुभव किया।

## अमांपुर के एसएन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने लगाई मेहंदी



टीएनएफ टुडे, अमांपुर। कस्बा के एसएन पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में रक्षा बंधन उत्सव मनाया गया। छात्राओं ने एक-दूसरे और शिक्षिकाओं के हाथों में सुन्दर डिजाइन की मेहंदी लगाई। जिसमें स्कूल की छात्राओं ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया। छात्राओं ने मेहंदी के माध्यम से अपनी कलात्मक और रचनात्मक का परिचय दिया। यह प्रतियोगिता स्कूल में संचालित रेड, ग्रीन, ब्लू और यलों हाउस के बीच हुई। जिसमें ग्रीन हाउस प्रथम स्थान पर रहा। द्वितीय स्थान पर आलिया ग्रीन हाउस एवं आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसका निर्णय प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह यादव ने किया। प्रबंधक डॉ भगवान सिंह राजपूत ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में आत्मविश्वास आता है। इनसे आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं को प्रबंधक डॉ भगवान सिंह राजपूत, प्रधानाचार्य कुलदीप यादव, एमडी पंकज राजपूत, सुमन राजपूत, राजकिशोर ने पुरस्कृत किया।

# रक्षाबंधन पर्व पर मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, 15 कुंतल खराब पनीर कराया नष्ट

टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावटी एवं खराब खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर विभागीय टीमों ने देर रात तक सघन जांच अभियान चलाकर संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए और मानव स्वास्थ्य के लिए अनुपयुक्त पाए गए 15 कुंतल खराब पनीर को मौके पर ही नष्ट कराया।



अभियान के तहत सायं लगभग 7रू30 बजे सासनी से आने वाली खोया एवं पनीर की गाड़ियों की सूचना पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने खोजन सिंह की गाड़ी को रोककर जांच की। जांच के दौरान पनीर के दो नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए।

इसके उपरांत देर रात्रि लगभग 10 बजे से 2 बजे तक टप्पल कट, यमुना एक्सप्रेस-वे पर बाहरी जनपदों से आने वाली खोया एवं पनीर की गाड़ियों की सघन जांच की गई। इसी दौरान मेवात (हरियाणा) से आई गाड़ी को रोककर जांच की गई। मौके पर उपलब्ध पनीर मानव स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त नहीं पाए जाने पर लगभग 15 कुंतल खराब पनीर को नियमानुसार नष्ट कराया गया। साथ ही पनीर के दो नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए।

अपर जिलाधिकारी नगर किंशुक श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के दौरान रात्रि लगभग 2 बजे एक अन्य गाड़ी को टप्पल कट पर रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक द्वारा वाहन नहीं रोका गया और गाड़ी को तेज गति से भगाने का प्रयास किया गया। विभागीय टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का पीछा किया और बाजना के निकट डायल-112 पुलिस की सहायता से वाहन को पकड़ लिया। चूंकि प्रकरण जनपद मथुरा से संबंधित था, इसलिए वाहन को पुलिस चौकी बाजना एवं सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय, जिला मथुरा की टीम को आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि त्योहारों के दौरान आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध प्रशासन पूरी तरह सतर्क और गंभीर है। विभाग द्वारा खोया, पनीर, मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखते हुए संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं और मानव स्वास्थ्य के लिए असुरक्षित पाए जाने वाले खाद्य पदार्थों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जा रही है।

एडीएम सिटी ने आमजन से भी अपील की है कि त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थ खरीदते समय उनकी गुणवत्ता एवं प्रतिष्ठान की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें और किसी भी प्रकार की मिलावट अथवा संदिग्ध खाद्य पदार्थ की बिक्री की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें।

# गंगा बढ़ी तो खुल गई बांध निर्माण में गुणवत्ता की पोल

- बरौना में 350 मीटर लंबे बांध में सात में से तीन ठोकरें झुकीं
- सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने तकनीकी जांच की मांग की



टीएनएफ टुडे, पटियाली।

ब्लॉक गंजडुंडवारा क्षेत्र के ग्राम बरौना में गंगा का जलस्तर बढ़ते ही सिंचाई विभाग द्वारा कुछ समय पूर्व ही कराए गए पक्के बांध निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। क्योंकि उक्त करीब 350 मीटर लंबे पक्के बांध की सात ठोकरों में से तीन नीचे की ओर झुक गई हैं। इससे ग्रामीणों में चिंता है कि जलस्तर और बढ़ा तो अन्य ठोकरों पर भी असर पड़ सकता है।

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने आरोप लगाया कि बाढ़ और कटान रोकने के नाम पर बरौना में पिछले कई वर्षों से सरकारी धन खर्च हो रहा है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि पहले कच्चे कार्य और जियो-ट्यूब लगाए गए और जिसके बाद पक्का बांध बनाया गया। लेकिन गंगा का पानी बढ़ते ही ठोकरों का झुकना निर्माण की गुणवत्ता और मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठोकरों की नींव में मजबूत फाउंडेशन और मानक के अनुरूप सामग्री का इस्तेमाल जरूरी था। जबकि नींव में रेत की बोरियों के स्थान पर ढीली रेत डाली गई तथा कई स्थानों पर बोल्डरों को लोहे के तार से पर्याप्त मजबूती से नहीं बांधा गया। जिसके चलते थोड़ा सा जलस्तर बढ़ते ही इसकी तीन ठोकरे झुक गई है।

उन्होने जिलाधिकारी प्रणय सिंह और सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मौके पर उच्चस्तरीय तकनीकी टीम भेजकर बांध और सभी सात ठोकरों की जांच कराने की मांग की। उन्होंने नींव, फाउंडेशन, निर्माण सामग्री, बोल्डरों की गुणवत्ता, तकनीकी स्वीकृति और भुगतान अभिलेखों की जांच की मांग करते हुए कहा कि मानकों की अनदेखी या सरकारी धन के दुरुपयोग की पुष्टि होने पर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के साथ धन की रिकवरी कराई जाए। वहीं उन्होंने जलस्तर और बढ़ने से पहले झुकी ठोकरों की सुरक्षा के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की भी मांग की। इस दौरान सदन प्रकाश गुप्ता, मेघ सिंह शाक्य, हरिओम शाक्य, गिरीश दिवाकर, रविंद्र राठौर, परमानंद शाक्य, रामपूत दिवाकर, नवी हसन और महिपाल शाक्य आदि मौजूद रहे।

# अलीगढ़ के ओडीओपी उत्पादों को मिलेगा जेम बाजार के जरिए व्यापक बाजार

- 02 सितंबर को उद्यमियों एवं कारीगरों के लिए वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यशाला

टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया एवं वोकल फॉर लोकल के संकल्प को धरातल पर उतारने की दिशा में जनपद अलीगढ़ के एक जनपद एक उत्पाद से जुड़े उद्यमियों एवं कारीगरों को अब अपने उत्पादों के लिए व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। इसके तहत ओडीओपी उत्पादों को जेम पोर्टल के माध्यम से देशभर में प्रदर्शित एवं विक्रय करने के लिए जेम बाजार की शुरूआत की जा रही है।

उपायुक्त उद्योग एस.पी. यादव ने बताया कि अलीगढ़ के प्रमुख ओडीओपी उत्पाद लॉक्स एवं हार्डवेयर तथा मेटल हैंडीक्राफ्ट से जुड़े उद्यमियों और विक्रेताओं को जेम बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से 02 सितंबर को वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में उद्यमियों को जेम पोर्टल पर पंजीकरण, उत्पादों की ऑनलाइन लिस्टिंग तथा उनकी बिक्री की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जेम के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को सरकारी खरीद के बड़े बाजार तक पहुंचाने के साथ ही अलीगढ़ के उद्यमियों एवं कारीगरों को अपने उत्पादों की देशव्यापी पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

उपायुक्त उद्योग ने जनपद के ओडीओपी उत्पादों से जुड़े सभी उद्यमियों एवं कारीगरों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभाग करें और अपने उत्पादों को जेम पोर्टल पर प्रदर्शित एवं विक्रय के लिए पंजीकृत कराएं। कार्यशाला से संबंधित वर्चुअल मीटिंग लिंक एवं अन्य आवश्यक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, अलीगढ़ से संपर्क किया जा सकता है।

# डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

## निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिये निर्देश

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा, सीसीटीवी और अग्निशमक उपकरणों को और वहां कि साफ-सफाई और बिजली संचालन की व्यवस्थाओं को देखा।



भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसारकलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

वहीं, सीसीटीवी एवं अग्निशमन यंत्रों की कार्यकारिता की जांच की गई। वेयर हाउस में सफाई व बिजली संचालन के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस दौरान राजनैतिक दलो के जनप्रतिनिधि, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**फर्स्ट लेवल चेकिंग 02 सितंबर से शुरू**

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से एफएलसी के दौरान उपस्थित रहकर कार्यवाही का अवलोकन करने का अनुरोध।

आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत जनपद में ईसीआइ एल के एम-3 मॉडल की ईवीएम एवं वी वीपैट मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग 2सितंबर से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस, जनपद कासगंज में प्रारंभ किया जाएगा। यह कार्य ईसीआईएल हैदराबाद के इंजीनियरों द्वारा किया जाएगा।

# जुए के अड्डे पर पुलिस ने की छापामार कार्रवाई

- जुआ खेलते हुए नौ जुआरी किए गये गिरफ्तार
- 5300रुपये की नगदी और ताश के बावन पत्ते बरामद

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

थाना अमांपुर पुलिस जुए के अड्डे पर छापामार कर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

मौके से 5300 रुपये नगद व ताश पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध जुआएवं सट्टा के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी सहावर दुर्गेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना अमांपुर पुलिस द्वारा हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते 09 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मौके से 5300/- रुपये नकद व ताश पत्ता बरामद हुए हैं।

जुआ खेलते लवकुश , इंतजाम , भूपेंद्र, शिवम शर्मा,मोहित निवासी मौहल्ला शास्त्रीनगर थाना अमांपुर जनपद कासगंज ,जयदेव सिंह ,टीटू , मनोज निवासी मौहल्ला अम्बेडकरनगर थाना अमांपुर जनपद कासगंज ।भूपेन्द्र, शिवम शर्मा,मौहल्ला शास्त्रीनगर थाना अमांपुर जनपद कासगंज गिरफ्तार किए गए हैं।



## मधु की आँखें दो लोगों की ज़िंदगी रोशन करेंगी

हाथरस। नेत्रदान पखवाड़े के दौरान पहली बार हाथरस शहर में देह दान कर्त्तव्य संस्था ने 127 बाँ नेत्रदान सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक श्राप आई केयर वृंदावन के सहयोग से कराया। इस अवसर पर समाज सेवी योगेन्द्र शर्मा (योगा पंडित)ने कहा कि संस्था ने पहली बार हमारे शहर में नेत्रदान कराया जोकि हम सभी को गर्वित कराने वाला प्रशंसनीय व अद्वितीय कार्य है। डॉ एस के गौड़ को सक्रीय सदस्य शालिनी मित्तल का फोन आया कि संस्था सदस्य राजीव अग्रवाल की माता मधुबाला अग्रवाल का नेत्रदान होना है। डॉ गौड़ ने तुरन्त डॉ श्रॉफ आई केयर के डॉ रोशन को सूचित किया। उन्होंने शीघ्रता से पहुँच कर मानवीय कदम को बखूबी अंजाम दिया। डॉ गौड़ ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे कार्यों से मानवता को बल मिलेगा। इसमें पारिवारिक किसी सदस्य को बिल्कुल परेशान नहीं किया गया। सूचना मिलने जय पर शेष कार्य निर्विघ्न संस्था ने कराया। सभी का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी को इस मुहिम में सहयोगी बनना चाहिए। डॉ जयंत शर्मा (सचिव)ने अपने संदेश में कहा कि हाथरस में उठाया गया पहला कदम दर्शाता है कि लोग हमारे कार्यों को वरीयता दे कर सहयोगी बन रहे हैं। क्योंकि रूढ़ीवादिता त्याग लीक से हटकर मानवीयता को वरीयता देते हुए नेत्रदान को बढ़ावा देने में अग्रसर हो रहे हैं। इस कार्य में एडमिन राजीव का विशेष योगदान रहा।

## ट्रेन में छूटा मां के लिए खरीदा कूलर, जीआरपी ने तलाशकर सौंपा

टीएनएफ टुडे, कासगंज। बरेली से सोरों की यात्रा के दौरान महिला यात्री का ट्रेन में छूटा छोटा कूलर जीआरपी कासगंज ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरामद कर लिया। कूलर मिलने पर महिला ने जीआरपी पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता की सराहना की। मऊ जिले के घोषी थाना क्षेत्र के जमालपुर निवासी शिवी पत्नी बुद्धि सागर ने जीआरपी कासगंज को बताया कि वह ट्रेन संख्या 55328 से बरेली से सोरों जा रही थीं। उनके पति की एयरफोर्स में नौकरी लगने के मौके पर उन्होंने अपनी मां योगमाया निवासी रामसिंहपुरा, सोरों के लिए उपहार स्वरूप कंपनी का छोटा कूलर खरीदा था। यात्रा के दौरान अधिक सामान होने के कारण कूलर ट्रेन में ही छूट गया। महिला ने कासगंज रेलवे स्टेशन पहुंचकर जीआरपी से कूलर बरामद कराने का अनुरोध किया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कोमल कुन्तल के निर्देश पर जीआरपी कर्मियों ने ट्रेन स्कोर्ट और प्लेटफार्म ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों की मदद से कूलर की तलाश शुरू कर दी। कुछ ही समय में कूलर बरामद कर आवश्यक कार्रवाई के बाद महिला को सौंप दिया गया। कूलर मिलने पर महिला यात्री ने जीआरपी कासगंज की त्वरित और मानवीय मदद की जमकर प्रशंसा की। बरामदगी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कोमल कुन्तल, उपनिरीक्षक मो. नाजिर, कांस्टेबल प्रहलाद सिंह और महिला कांस्टेबल शिवानी शामिल रहीं।




## विल्सड पट्टी में वायरल बुखार को लेकर स्वास्थ्य विभाग का विशेष कैंप

अलीगंज। तहसील क्षेत्र में वायरल बुखार के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलीगंज तहसील के ग्राम विल्सड पट्टी में विशेष स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया। कैंप का आयोजन नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम एटा द्वारा किया गया। यहां ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों की जांच के साथ निशुल्क उपचार और दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कैंप में वायरल बुखार, खांसी, सर्दी-जुकाम और त्वचा संबंधी रोगों से पीड़ित लगभग 80 मरीजों की जांच की गई। अब तक करीब 115 मरीजों को देखा जा चुका है। इनमें अधिकांश मरीज वायरल बुखार से पीड़ित पाए गए। चिकित्सकों ने आवश्यक जांच करने के बाद मरीजों को निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया तथा स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सलाह भी दी। वही सीताराम यादव प्रधान ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया और उपचार लिया स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से ग्रामीणों को गांव में ही जांच और उपचार की सुविधा मिल रही है। टीम द्वारा लोगों को बदलते मौसम में साफ-सफाई रखने, स्वच्छ पानी पीने और बुखार अथवा अन्य लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। विशेष कैंप का संचालन डॉ. जयपाल चौधरी, फार्मासिस्ट ललित कुमार, लैब टेक्नीशियन रोहित कुमार, स्टाफ नर्स अनिल कुमार तथा पायलट धर्मवीर द्वारा किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के इस निशुल्क कैंप से ग्रामीणों को काफी राहत मिली है।

## 30 अगस्त को निकलेगा जुलूस-ए मोहम्मदी अमन-चैन और भाईचारे का दिया जाएगा संदेश

हाथरस। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की विलादत और वफात की याद में मनाए जाने वाले 12 वफात के अवसर पर 30 अगस्त को हाथरस में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। जुलूस को लेकर मुस्लिम समाज की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान नात-ए-पाक और दरूद-ओ-सलाम पेश किए जाएंगे। जुलूस को लेकर आयोजकों ने लोगों से शांति, अनुशासन और भाईचारे के साथ शामिल होने की अपील की है। साथ ही जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन एवं पुलिस से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। प्रशासन की ओर से आगामी धार्मिक आयोजनों को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने 30 सितंबर तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। इसके तहत बिना पूर्व अनुमति जुलूस, सभा अथवा प्रदर्शन आयोजित करने पर रोक संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। आयोजकों ने अपील की कि जुलूस में शामिल सभी लोग प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक या विवादित सामग्री प्रसारित करने से भी बचने की अपील की गई है। जुलूस-ए-मोहम्मदी के माध्यम से अमन, मोहब्बत, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया जाएगा।

# सीडीओ ने विद्यार्थियों की शंकाओं का किया समाधान

## नियमित संवाद कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं का किया मार्गदर्शन

- शहर के वी ए बी इंटर कॉलेज में हुआ संवाद कार्यक्रम

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

शहर वी ए वी इंटर कॉलेज, में विद्यार्थियों के साथ नियमित संवाद एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके शैक्षणिक, करियर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित प्रश्नों का समाधान किया।



मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण रखते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास करना चाहिए। उन्होंने जीवन में सफलता के लिए सकारात्मक सोच, लगन और समय के सदुपयोग को अत्यंत आवश्यक बताया।

संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया, कांस्टेबल एवं उपनिरीक्षक पदों की तैयारी, उच्च अधिकारियों के कार्यों, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा अन्य करियर विकल्पों से संबंधित प्रश्न पूछे। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रश्नों का विस्तार से उत्तर देते हुए विद्यार्थियों को सही दिशा में तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की पूर्ण जानकारी रखने, नियमित अध्ययन करने, टेस्ट सीरीज एवं मॉडल प्रश्नपत्रों का अभ्यास करने तथा उत्तर लेखन की क्षमता विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और अपनी कमियों का आकलन कर उनमें सुधार करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ती हैं।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों के उत्साह एवं जिज्ञासाओं की सराहना करते हुए उन्हें अपने निर्धारित लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कठिन परिश्रम के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों ने संवाद एवं मार्गदर्शन को अत्यंत उपयोगी बताया।

## कासगंज- मथुरा छावनी के मध्य चलेगी एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन

टीएन एफ टुडे, कासगंज। आगामी त्योहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा एक जोड़ी विशेष गाड़ी संख्या 05307/05308 कासगंजझमथुरा छावनीझकासगंज का संचालन किया जाएगा।

यह विशेष गाड़ी दिनांक 27 से 29 अगस्त, 03 से 05 सितंबर, 14 से 15 सितंबर तथा 17 से 19 सितंबर, 2026 तक कुल 11 ट्रिप में संचालित होगी। गाड़ी संख्या 05307 कासगंज रेलवे स्टेशन से प्रातः 09:50 बजे प्रस्थान कर मारहरा स्टेशन 10:04 बजे, अगसौली 10:14 बजे, सिकंदरा राव 10:25 बजे, रति का नगला 10:38 बजे, हाथरस जंक्शन 10:50 बजे, मेण्डू10:55 बजे, हाथरस सिटी 11:05 बजे, मुरसान 11:18 बजे, सोनाई 11:26 बजे, राया 11:42 बजे प्रस्थान करते हुए मथुरा छावनी 12:15 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में विशेष गाड़ी संख्या 05308 मथुरा छावनीझकासगंज मथुरा छावनी रेलवे स्टेशन से 17:00 बजे प्रस्थान कर राया 17:15 बजे, सोनाई 17:28 बजे, मुरसान 17:37 बजे, हाथरस सिटी 17:50 बजे, मेण्डू 17:59 बजे, हाथरस जंक्शन 18:03 बजे, रति का नगला 18:24 बजे, सिकंदरा राव 18:52 बजे, अगसौली 19:02 बजे, मारहरा 19:10 बजे तथा कासगंज शाम 19:50 बजे पहुंचेगी।

# एक बुराई को छोड़ने का दिलाया गया संकल्प

- ब्रह्माकुमारी बहनों ने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों तथा रेलकर्मियों को राखी बांधी
- मनाया रक्षा बंधन का त्यौहार, बताया गया त्योहार का महत्व

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

रक्षाबन्धन के अवसर पर ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र सहावर की प्रभारी बीके रूबी बहन ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के मध्य रक्षाबन्धन का त्योहार मनाया। उन्होंने रक्षाबन्धन का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए कहा कि राखी के धागे हमें पवित्र कर्म करने की प्रतिज्ञा कराते हैं। जब संसार की सभी माताओं-बहनों के प्रति हमारी पवित्र दृष्टि वृत्ति होगी तभी समाज से बुराईयां दूर होंगी और एक श्रेष्ठ मूल्यनिष्ठ, सद्भावनापूर्ण समाज की स्थापना होगी। इसलिए हमें इस दिन अपने दुगुर्णो को छोड़ने का दृढ़ संकल्प करना चाहिए।



रूबी बहन ने बताया कि ब्रह्माकुमारी बहनें राखी के अवसर पर रुपये पैसे नहीं स्वीकार करती बल्कि परमात्मा के लिए जीवन की किसी बुराई का दान अवश्य लेती हैं। एसडीएम सुशांत सांवरे, तहसीलदार संदीप चौधरी , नायब तहसीलदार दानवीर चौधरी , कोतवाल राधेश्याम, उपनिरीक्षक संदीप कुमार बलवीर सिंह, रेलवे स्टेशन मास्टर ओमप्रकाश गुप्ता समेत अनेकों अधिकारियों, पुलिस व रेलकर्मियों को टीका लगाकर राखी बांधी, मुख मीठा कराया और कम से कम एक बुराई जीवन से छोड़ने का संकल्प कराया।

# सरकारी स्कूलों की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर ADHR ने जिलाधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन

टीएनएफ टुडे, हाथरस।

जनपद के सरकारी विद्यालयों में शैक्षिक एवं बुनियादी व्यवस्थाओं में सुधार की मांग को लेकर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स (अऊल्फ), हाथरस द्वारा जिलाधिकारी अतुल वत्स की उपस्थिति में ओसी कलेक्ट्रेट उपजिलाधिकारी अर्चना शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय के नेतृत्व में जिला प्रशासन को सौंपा गया, जिसमें सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सुरक्षित, स्वच्छ, सम्मानजनक एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालयों की बुनियादी व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाना आवश्यक है। संगठन ने कहा कि शिक्षा केवल विद्यालय में प्रवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को सुरक्षित भवन, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ एवं क्रियाशील शौचालय, पर्याप्त कक्षाएं, फर्नीचर, बिजली-पंखे, खेल सुविधाएं, पर्याप्त शिक्षक तथा पौष्टिक भोजन जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलना भी आवश्यक है।

अऊल्फ ने संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 21-क, 39(फ) एवं 45 का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा, गरिमा, समान अवसर और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना शासन -प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। एडीएचआर ने चिंता जताई कि जनपद के कुछ सरकारी विद्यालयों में आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी की शिकायतें सामने आती रहती हैं।ज्ञापन में मांग की गई कि जनपद के सभी सरकारी विद्यालयों का व्यापक एवं निष्पक्ष स्थलीय सर्वेक्षण और तकनीकी निरीक्षण कराया जाए तथा विद्यालयवार कमियों को चिन्हित कर उनके समाधान की समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। अऊल्फ की प्रमुख मांगें संगठन ने विद्यालयों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल, छात्र-छात्राओं के लिए अलग एवं क्रियाशील शौचालय, जर्जर भवनों की मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण, छात्र संख्या के अनुपात में पर्याप्त कक्षाएं तथा प्रत्येक बच्चे के लिए उचित डेस्क-बेंच उपलब्ध कराने की मांग की।इसके साथ ही विद्यालयों के खेल मैदानों को सुरक्षित एवं खेलने योग्य बनाने, आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराने, पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति एवं छात्र-शिक्षक अनुपात को निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने की मांग भी उठाई गई।

ज्ञापन में गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक मध्यान्ह भोजन, विद्यार्थियों को समय से गुणवत्तापूर्ण ड्रेस, जूते-मोजे, पुस्तकें, बैग एवं अन्य शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक विद्यालय में सुरक्षित विद्युत व्यवस्था, पर्याप्त पंखे और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

# भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो टेस्ट ड्रॉ

## गिल की टीम ने 1-0 से जीती सीरीज

एजेंसी, कोलंबो।

श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में बड़ा फायदा नहीं मिला। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया 51.52 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर बनी हुई है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 80 अंक प्रतिशत के साथ तालिका में शीर्ष पर है।



### भारत ने गंवाया मौका

भारत के पास श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट जीतकर डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका था। भारत ने पहली पारी में 503/9 घोषित का विशाल स्कोर बनाया और श्रीलंका को 290 रन पर समेटकर 213 रन की बढ़त हासिल की थी। इसके बाद फॉलोऑन खेलने उतरी श्रीलंकाई टीम को पांचवें दिन भारत जीत की ओर ले जाता हुआ नजर आ रहा था, लेकिन सोनल दिनुषा की नाबाद 133 रन की जुझारू पारी ने भारतीय उम्मीदों पर पानी फेर दिया। श्रीलंका ने दूसरी पारी में 429/9 का स्कोर बनाया और मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में भारत की स्थिति

लेटेस्ट अंक तालिका के मुताबिक भारत ने अब तक 11 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें उसे पांच जीत, चार हार और दो ड्रॉ मिले हैं। भारत के खाते में 68 अंक हैं और उसका प्रतिशत 51.52 है। दूसरे टेस्ट से पहले भारत का अंक प्रतिशत 53.33 था, लेकिन ड्रॉ के बाद यह घटकर 51.52 हो गया। हालांकि, टीम इंडिया पांचवें स्थान पर बरकरार है। दूसरे टेस्ट से पहले भारत का अंक प्रतिशत 53.33 था, लेकिन ड्रॉ के बाद यह घटकर 51.52 हो गया। हालांकि, टीम इंडिया पांचवें स्थान पर बरकरार है।

### टॉप पर ऑस्ट्रेलिया, भारत से आगे चार टीमें

डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया 10 मैचों में आठ जीत के साथ शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका 75 प्रतिशत के साथ दूसरे और न्यूजीलैंड 72.22 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। बांग्लादेश 55.56 प्रतिशत के साथ चौथे नंबर पर है और भारत उससे करीब चार प्रतिशत पीछे है। भारत के ड्रॉ के बाद बांग्लादेश और भारत के बीच अंतर और महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में आगामी मुकाबलों में टीम इंडिया के लिए हर जीत बेहद अहम होगी।

### भारत के सामने अब सात टेस्ट, पांच जीत जरूरी?

श्रीलंका सीरीज के बाद भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में सात टेस्ट मैच और खेलने हैं। इनमें न्यूजीलैंड के खिलाफ दो और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट शामिल हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए भारत को इन मुकाबलों में मजबूत प्रदर्शन करना होगा। मौजूदा 51.52 अंक प्रतिशत को देखते हुए भारत के लिए कम से कम पांच जीत हासिल करना बेहद महत्वपूर्ण होगा। हालांकि, सिर्फ अपनी जीत ही पर्याप्त नहीं होगी और उसे अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ सकता है।

### सोनल दिनुषा ने बिगाड़ा भारत का खेल

दूसरे टेस्ट के पांचवें दिन भारत को श्रीलंका के आखिरी चार विकेट हासिल करने थे, लेकिन सोनल दिनुषा एक बार फिर भारतीय गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आए। दिनुषा ने 264 गेंदों पर नाबाद 133 रन बनाए। उन्होंने केशरा नुवंथा के साथ सातवें विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी की। इसके बाद श्रीलंका के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने भी उनका भरपूर साथ दिया। दिनुषा ने इस सीरीज में अपना तीसरा शतक लगाया। वह इस टेस्ट की पहली पारी में भी 103 रन बना चुके थे। इससे पहले गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में उन्होंने अपना पहला टेस्ट शतक लगाया था।

### गिल ने मानव सुथार को बताया भविष्य का अहम खिलाड़ी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने युवा स्पिनर मानव सुथार की भी तारीफ की। गिल ने उनके गेंद छोड़ने के तरीके की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में वह भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

### भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता क्या?

भारत ने इस टेस्ट में पहली पारी में 213 रन की बढ़त हासिल की थी और श्रीलंका को फॉलोऑन भी कराया। इसके बावजूद टीम इंडिया जीत के लिए जरूरी आखिरी चार विकेट हासिल नहीं कर सकी। डब्ल्यूटीसी की दौड़ को देखते हुए यह ड्रॉ भारत के लिए निराशाजनक नतीजा है। टीम के पास अब गलती की गुंजाइश कम होती जा रही है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आने वाली टेस्ट सीरीज में भारत को न सिर्फ मैच जीतने होंगे, बल्कि लगातार अच्छे प्रदर्शन के जरिए अपना अंक प्रतिशत भी ऊपर ले जाना होगा। फिलहाल डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में भारत पांचवें स्थान पर है, लेकिन फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए आने वाले सात टेस्ट टीम इंडिया के अभियान की दिशा तय कर सकते हैं।

डीन एल्गर का बड़ा एलान

# दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान लेंगे संन्यास, 2026 के बाद क्रिकेट को कहेंगे अलविदा



एजेंसी, केपटाउन।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और अनुभवी सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान कर दिया है। 39 वर्षीय एल्गर 2026 सीजन के अंत में पेशेवर क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कहेंगे। इसके साथ ही दो दशक से अधिक लंबे उनके शानदार क्रिकेट करियर का अंत हो जाएगा। एल्गर ने अपने फैसले की वजह परिवार को अधिक समय देना बताया है। उन्होंने कहा कि अब वह अपने बच्चों और पार्टनर के साथ अधिक समय बिताना चाहते हैं।

### 86 टेस्ट में बनाए 5347 रन

डीन एल्गर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 86 टेस्ट मैच खेले और 37.92 की औसत से 5347 रन बनाए। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में 14 शतक हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 199 रन रहा, जो उन्होंने 2017 में बांग्लादेश के खिलाफ बनाया था। एल्गर ने दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी भी 18 टेस्ट मैचों में की। उन्होंने जनवरी 2024 में भारत के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में आखिरी बार प्रोटियाज टीम की कप्तानी की थी। उस मुकाबले में नियमित कप्तान तेम्बा बावुमा चोटिल होने के कारण टीम का हिस्सा नहीं थे।

### 'अब परिवार के लिए मौजूद रहना चाहता हूं'

अपने संन्यास के फैसले पर एल्गर ने कहा, 'मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है। मैं अब 39 साल का हूं और घर पर बहुत कुछ चल रहा है। मेरे बच्चे तेजी से बड़े हो रहे हैं। मैं अब अपने परिवार के लिए मौजूद रहना चाहता हूं।' उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के लिए 12 साल खेलना और फिर टीम की कप्तानी करना उनके करियर के सबसे गौरवपूर्ण पलों में रहा। एल्गर ने कहा, 'अगर मैं अपने सफर को पीछे मुड़कर देखता हूं तो शायद बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि मेरा क्रिकेट करियर इतना लंबा चलेगा। दो दशक से ज्यादा का करियर होना मेरे लिए बेहद खास है।'

### लॉर्ड्स में इंग्लैंड को हराना सबसे खास पल

एल्गर ने अपने करियर के सबसे यादगार पलों में कप्तान के तौर पर लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत को खास तौर पर याद किया। उन्होंने बताया कि जिस अंदाज और आक्रामक ब्रांड के साथ दक्षिण अफ्रीका ने वह मुकाबला खेला, वह उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण था। उनकी कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट रैंकिंग में भी सुधार किया। एल्गर के कप्तान बनने के समय टीम सातवें स्थान पर थी, जबकि उनके कार्यकाल के अंत तक दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर पहुंच गई थी।

### एसेक्स के साथ भी रहा शानदार सफर

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदाई के बाद एल्गर ने इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट क्लब एसेक्स का रुख किया। वह 2023 में संन्यास लेने वाले इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक के स्थान पर टीम से जुड़े थे। एसेक्स के लिए खेलते हुए एल्गर ने न सिर्फ रन बनाए, बल्कि युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में भी अहम भूमिका निभाई। क्लब के क्रिकेट निदेशक क्रिस सिल्वरवुड ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि एल्गर का करियर लंबे समय तक टिके रहने, जुझारूपन और क्रिकेट के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि एल्गर के पास टेस्ट क्रिकेट का शानदार अनुभव था और उनकी बल्लेबाजी में लंबे समय तक क्रीज पर टिके रहने की पुरानी शैली की भूख दिखाई देती थी।

### 'अब पिता के रूप में जिम्मेदारी निभाने का समय'

भविष्य की योजनाओं के बारे में एल्गर ने कहा कि वह क्रिकेट से कुछ समय का ब्रेक लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक लगातार क्रिकेट खेलने और यात्रा करने के बाद अब वह अपने बच्चों के साथ समय बिताना चाहते हैं। एल्गर ने कहा, 'मैं काफी लंबे समय से क्रिकेट के सफर पर हूं। अब मुझे लगता है कि अपने बच्चों के लिए खड़े होने और उनके साथ मौजूद रहने की मेरी जिम्मेदारी है। पिता बनना ऐसी चीज है, जिसका मैंने वास्तव में बहुत आनंद लिया है।'

# यूएस ओपन: मुचोवा और मेंसिक ने जीता यूएस ओपन मिश्रित युगल का खिताब

एजेंसी, न्यूयॉर्क।



कैरोलिना मुचोवा और याकुब मेंसिक ने बेलिंडा बेनसिच और फ्लावियो कोबोली को 6-3, 1-6, 10-6 से हराकर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीत लिया। चेक गणराज्य की जोड़ी ने दो दिन की इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन दोनों मुकाबले मैच टाईब्रेक में जीते। मेंसिक की तेज सर्विस और नेट पर शानदार खेल ने इस जोड़ी की जीत में अहम भूमिका निभाई। मेंसिक ने ऐस के साथ फाइनल का अंत किया। इस जोड़ी को 10 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। सेमीफाइनल में भी मुचोवा और मेंसिक हार के करीब पहुंच गए थे लेकिन दो मैच प्वाइंट बचाने के बाद उन्होंने लगातार चार अंक जीतकर मीरा आंद्रीवा और आंद्रे रुबलेव को 5-4, 3-5, 11-9 से शिकस्त दी। फाइनल टूर्नामेंट का एकमात्र मुकाबला था जो सामान्य टेनिस मैच जैसा खेला गया। इसमें सेट छह गेम के थे और छह-छह की बराबरी पर टाईब्रेक हुआ। शुरूआती तीन दौर में सेट चार गेम के थे और चार-चार की बराबरी पर टाईब्रेक खेला गया था। बेनसिच और कोबोली ने पहले सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना और गेल मोनफिल्स की पति-पत्नी की जोड़ी को 4-5, 4-1, 10-5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

# हॉकी विश्व कप: अपने आखिरी मैच में बेल्जियम का सामना करेगी भारतीय पुरुष टीम



एजेंसी, एम्सटेलवीन

पांच दशक बाद विश्व कप में पदक जीतने का सपना टूटने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम आखिरी मैच में जीत के साथ स्वदेश लौटना चाहेगी। शुक्रवार को होने वाले इस मुकाबले में उसके सामने सह मेजबान और मौजूदा प्रो लीग चैंपियन बेल्जियम को उसके मैदान पर हराने की कठिन चुनौती है। नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में पहले और दूसरे चरण के मैच खेलने वाली भारतीय टीम पूल ई में चौथे स्थान पर रहने के बाद सातवें/आठवें स्थान का क्लासीफिकेशन मुकाबला खेलने यहां आई है। लेकिन हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम की राह इतनी आसान नहीं है क्योंकि उसके सामने 2018 विश्व कप चैंपियन दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है जो टूर्नामेंट शुरू होने से पहले खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। बेल्जियम भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने के झटके से उबरकर आखिरी मैच जीतने का पूरा प्रयास करेगी।

### अर्जेंटीना के खिलाफ हारकर पदक की उम्मीद टूटी

अर्जेंटीना के खिलाफ दूसरे दौर के आखिरी मैच में हारकर बाहर हुई भारतीय टीम पूरे टूनामेंट में धीमी शुरूआत और 60 मिनट तक लय बरकरार नहीं रख पाने के लिए आलोचना झेल रही है। भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अर्जेंटीना को बड़े अंतर से हराना था, लेकिन 39वें सेकेंड में ही गोल गंवाने के बाद बने दबाव से टीम निकल ही नहीं सकी। डिफेंस लगातार चरमराता रहा और फॉरवर्ड पंक्ति में तालमेल का अभाव दिखा, जबकि मिडफील्ड में गैप का पूरा फायदा उठाकर अर्जेंटीना ने 5-3 से जीत दर्ज करके भारत को अंतिम चार की दौड़ से बाहर कर दिया था। भारत ने टूनामेंट में 14 गोल किए और 16 गंवाए।

### एशियाड के जरिये ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना होगा लक्ष्य

विश्व कप में सातवां स्थान हासिल करने के अलावा भारत को अगले महीने होने वाले एशियाई खेलों से पहले मजबूत प्रतिद्वंद्वी को हराकर अपना खोया आत्मविश्वास भी हासिल करना होगा। विश्व कप में निराशा के बाद अब जापान के आइची नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए सीधे क्वालिफाई करना ही पिछले दो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता टीम का लक्ष्य होगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 6:15 बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन का मानना है कि बेल्जियम के खिलाफ गलतियों की गुंजाइश नहीं होगी और उनकी टीम को सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा।


































